इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

**पैसे बीमारी ठीक होने के बाद**



उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, मोटापा, लकवा, संतान न होना, नौजवानों की शारीरिक कमजोरी, धातु रोग, शीघ्र पतन, ईन्द्रीयों की समस्या, शुक्राणु की कमी, टायमिंग की कमी एवं गुप्त रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है। मनचाही शक्ति सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें।

संजीवनी आयुर्वेदिक

न्यू बस स्टैण्ड, न्यू अंसारी होटल के बाजू से हाऊसिंग बोर्ड काम्पलेक्स, शॉप नं. U/82, राजनांदगांव (छ.ग.)
मो.नं.- 7566609039 हर दिन सु. 10 बजे से शाम 7 बजे तक

वर्ष- 44 अंक - 291 राजनांदगांव, बुधवार 10 सितम्बर 2025 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

# नेपाल हिंसा : पूर्व पीएम की पत्नी को जिंदा जलाया, मौत: पीएम और राष्ट्रपति का इस्तीफा, संसद भवन में घुसे प्रदर्शनकारी, राष्ट्रपति भवन को फूंका

## नेपाल में फिर उठी राजतंत्र की मांग: एयर इंडिया ने रद्द की काठमांडू की कई उड़ाने



काठमांडू। नेपाल में बीते दो दिनों में बहुत कुछ बदल गया है। शोसल मीडिया बैन को लेकर शुरू हुए आंदोलन में अब तक 20 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है वही, करीब 300 लोगों के घायल होने की खबर है। इस बीच, भारी दबाव के बाद पीएम केपी शर्मा ओली ने पद से इस्तीफा दे दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि ओली देश से बाहर निकलने की फिराक में हैं और दुबई जा सकते हैं। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि युवाओं के प्रदर्शन के दौरान हालात बिगड़ने पर उन्होंने अपने आधिकारिक आवास से सुरक्षित निकलने और देश छोड़ने के लिए सेना की मदद मांगी थी।

### कई मंत्रियों ने दिया इस्तीफा

नेपाल के ताजा हालातों में यह अपडेट तब सामने आया है जबकि काठमांडू समेत कई जिलों में युवाओं का प्रदर्शन हिंसक हो चुके हैं। ओली से पहले कई मंत्री और सांसद इस्तीफा दे चुके हैं। इस्तीफा देने वाले मंत्रियों में गृहमंत्री रमेश लेखक, स्वास्थ्य मंत्री प्रदीप पौडेल, कृषि एवं पशुधन विकास मंत्री रामनाथ अधिकारी का नाम शामिल है। वहीं, प्रदर्शनकारियों ने कई मंत्रियों के आवासों और सरकारी इमारतों को आग के हवाले कर दिया है। नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल, सूचना एवं संचार मंत्री पृथ्वी सुब्बा गुरुंग, पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड के आवास में आग लगा दी।

### बालेंद्र शाह को पीएम बनाने की चर्चा

केपी शर्मा ओली के इस्तीफे के बाद एक नाम की चर्चा खूब हो रही है और वो नाम है बालेंद्र शाह का, जो बालेन शाह के नाम से चर्चित हैं। ओली सरकार के सत्ता से बाहर होने के बाद नेपाल की युवा पीढ़ी बालेंद्र शाह को नेता बनाने की मांग कर रही है। बालेंद्र शाह काठमांडू के 15वें मेयर हैं। बालेंद्र पेशे से सिविल इंजीनियर और रैपर भी रहे हैं। बालेंद्र शाह ने साल 2022 में स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में मेयर चुनाव जीतकर इतिहास रच दिया था।

### नेपाल में हिंसक हुआ विरोध प्रदर्शन

नेपाल में सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन लगातार हिंसक होता जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने संसद भवन में आगजनी की है। इसके अलावा पूर्व पीएम केपी ओली के दफ्तर पर भीड़ ने हमला किया है। नेताओं और मंत्रियों के दफ्तरों में प्रदर्शनकारी आगजनी और तोड़फोड़ कर रहे हैं।

### प्रदर्शनकारियों ने झालानाथ खनल की पत्नी को जिंदा जलाया

प्रदर्शनकारियों ने नेपाल के पूर्व पीएम झालानाथ खनल की पत्नी राज्यलक्ष्मी चित्रकार को जिंदा जला दिया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, प्रदर्शनकारियों ने उन्हें घर में बंदी बना लिया और घर में आग लगा दी। यह घटना काठमांडू के दल्लू इलाके में उनके घर पर हुई। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, राज्यलक्ष्मी चित्रकार को कीर्तिपुर बर्न अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

### भारत सरकार ने जारी की एडवायजरी

नेपाल में लगातार बिगड़ते हालातों को देखते हुए भारत सरकार ने अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए एडवायजरी जारी की है। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एडवायजरी में भारतीय नागरिकों को नेपाल यात्रा न करने की सलाह दी गई है।

विदेश मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि नेपाल में बदलते हालात को देखते हुए, भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे स्थिति स्थिर होने तक वहां की यात्रा न करें। वर्तमान में नेपाल में मौजूद भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे अपने वर्तमान निवास स्थान पर ही रहें, सड़कों पर निकलने से बचें और पूरी सावधानी बरतें।

### पीएम के बाद अब राष्ट्रपति ने दिया इस्तीफा

नेपाल में हिंसक विरोध प्रदर्शन थमने का नाम नहीं ले रहा है। नेपाल के प्रधानमंत्री केपी ओली ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है और इस्तीफे को स्वीकार भी कर लिया गया है। अब खबर आ रही है कि पीएम के बाद राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने भी इस्तीफा दे दिया है।

### प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति भवन फूंका

नेपाल में जेन जेड प्रदर्शनकारियों के विरोध में मंगलवार को भी प्रदर्शन जारी है। भीड़ ने नेपाल की संसद भवन से लेकर नेपाल के प्रधानमंत्री आवास से लेकर राष्ट्रपति आवास को घेर लिया है। प्रदर्शनकारियों ने पीएम और राष्ट्रपति आवास में आग लगा दी है।

### 17 साल में 14 सरकारों से नाराज़ जनता 15 वीं सरकार में अब राजा की वापसी चाहती है!

नेपाल एक बार फिर बड़े राजनीतिक बदलाव की ओर बढ़ रहा है। 2008 में जब राजशाही खत्म हुई थी, तो लोगों को लोकतंत्र से काफी उम्मीदें थीं। लेकिन अब, 17 साल बाद, एक बार फिर सड़कों पर राजा वापस लाओ की मांग गूंज रही है। वे राजा ज्ञानेंद्र की वापसी चाहते हैं। आखिर ऐसा क्या हुआ कि नेपाल में जनता लोकतंत्र से निराश होकर फिर से राजतंत्र की ओर लौटना चाहती है? दरअसल नेपाल में 2008 के बाद लोकतंत्र की स्थापना तो हुई, लेकिन स्थिरता नहीं आई। इन 17 वर्षों में देश में 14 बार सरकारें बदल चुकी हैं। हर नई सरकार ने अलग वादे किए, लेकिन आम जनता की समस्याएं जस की तस रहीं – बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महंगाई और अराजकता। इस अस्थिरता ने जनता को सोचने पर मजबूर कर दिया कि क्या 239 साल पुरानी राजशाही ही बेहतर थी? 28 मार्च 2025 को काठमांडू की सड़कों पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने 'हिंदू राष्ट्र बनाओ' और 'राजा वापस लाओ' जैसे नारे लगाए। इस प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हुई, जिसमें 2 लोगों की मौत और कई घायल हो गए। हालात को संभालने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। प्रदर्शन का नेतृत्व उन संगठनों ने किया जो नेपाल को फिर से हिंदू राष्ट्र और राजशाही में बदलने की मांग कर रहे हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# उपराष्ट्रपति चुनाव में राधाकृष्णन को मिली जीत, क्रॉस वोटिंग से विपक्ष को लगा झटका; एनडीए ने मारी बाजी

## बी सुदर्शन रेड्डी को 152 वोट से हराया; पीएम मोदी ने दी बधाई



नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति चुनाव के नतीजों का एलान हो गया है। एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने इस चुनाव को जीत लिया है और इसके साथ ही वह देश के नए उपराष्ट्रपति बनने वाले हैं। राज्यसभा के सेक्रेटरी जनरल पीसी मोदी ने चुनाव के नतीजों के एलान किया।

सीपी राधाकृष्णन इस चुनाव में 452 वोट मिले हैं। उनके सामने विपक्ष ने सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज बी. सुर्दशन रेड्डी को मैदान में उतारा था। रेड्डी को महज 300 वोट ही मिल पाए। भाजपा ने दावा किया है कि चुनाव में जमकर क्रॉस वोटिंग भी हुई है।

### कुल 768 सांसदों ने डाले वोट

उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए मंगलवार को संसद भवन में सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक वोटिंग हुई। कुल 768 सांसदों ने वोट डाले। लोकसभा और राज्यसभा मिलाकर भारत की संसद में कुल 788 सांसद होते हैं। वर्तमान में दोनों सदनों को मिलाकर 7 सीटें रिक्त हैं। इस तरह कुल 781 सांसदों को वोट करना था, जिसमें से 13 वोटिंग में शामिल नहीं हुए। इनमें बीआरएस के 4, बीजेडी के 7, अकाली दल के 1 और 1 निर्दलीय सांसद ने वोट नहीं डाला। एनडीए 427 सांसदों ने वोट किया।

### महासचिव पीसी मोदी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी जानकारी

राज्यसभा महासचिव पीसी मोदी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, एनडीए उम्मीदवार और महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन को प्रथम वरीयता के 452 मत मिले। उन्हें भारत का उपराष्ट्रपति (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# रीता शांडिल्य के पीएससी अध्यक्ष नियुक्ति पर मुहर: शहीद एएसपी आकाश गिरेपूंजे की पत्नी को डीएसपी पद पर अनुकंपा नियुक्ति

### साय कैबिनेट के अहम फैसले



**छोटे-बड़े बिजनेस में बिजली-स्टाम्प शुल्क में छूट, रिटायर्ड पत्रकारों को हर महीने मिलेंगे 20 हजार**

रायपुर। छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार में कैबिनेट विस्तार के बाद 9 सितंबर मंगलवार को कैबिनेट की अहम बैठक दोपहर साढ़े तीन बजे आयोजित की गई। मंत्रालय, महानदी भवन अटल नगर नवा रायपुर आयोजित बैठक में सीएम साय समेत सभी 14 मंत्रियों ने पहली बार भाग लिया। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इसके तहत सुकमा जिले में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान 9 जून 2025 को विस्फोट शहादत को प्राप्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरपूंजे की शहादत और अदम्य वीरता को सम्मानित करते हुए उनकी पत्नी स्नेहा गिरपूंजे को विशेष प्रकरण मानते हुए राज्य पुलिस सेवा में उप पुलिस अधीक्षक के पद पर अनुकंपा नियुक्ति देने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। मंत्रिपरिषद की बैठक में पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोत की निर्भरता को कम करने तथा गैर पारंपरिक स्त्रोत आधारित ऊर्जा उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य की सौर ऊर्जा नीति में आवश्यक संशोधन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

**नीति की अवधि** - नई व्यवस्था के अनुसार यह संशोधित नीति अब 2030 तक लागू रहेगी, या फिर जब तक राज्य सरकार नई सौर ऊर्जा नीति जारी नहीं करती।

**उद्योगों को मिलने वाले लाभ**- सौर ऊर्जा परियोजनाओं को अब राज्य की औद्योगिक नीति के तहत प्राथमिकता उद्योग का दर्जा (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# मानव अंतरिक्ष उड़ान के लिए देश तैयार, इसरो प्रमुख बोले- 2035 तक भारत के पास होगा अपना स्पेस स्टेशन



नई दिल्ली। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख वी. नारायणन ने कहा है कि भारत 2027 तक अपनी पहली मानव अंतरिक्ष उड़ान के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने बताया कि गगनयान परियोजना के तहत 7,700 ग्राउंड टेस्ट पूरे हो चुके हैं और 2,300 और परीक्षण किए जाने बाकी हैं। इसके बाद ही अंतरिक्ष में मानव मिशन को अंजाम दिया जाएगा।

नारायणन ने बताया कि गगनयान परियोजना के तहत तीन बिना चालक दल वाले मिशन होंगे। इनमें से पहला मिशन इसी साल दिसंबर में प्रस्तावित है। इसके बाद दो और मानव रहित मिशन पूरे किए जाएंगे। यह सभी उड़ानें भारत के मानव अंतरिक्ष मिशन को सफल बनाने के लिए अहम कदम साबित होंगी।

### दो मानवयुक्त मिशन को मिली मंजूरी

इसरो को गगनयान परियोजना के तहत दो मानवयुक्त मिशनों की मंजूरी मिल चुकी है। इसका मतलब है कि भारत अब उन चुनिंदा देशों की सूची में शामिल होने जा रहा है, जिन्होंने अपने नागरिकों को अंतरिक्ष में भेजा है। इसरो प्रमुख ने कहा कि इन मिशनों से (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# पंजाब के लिए पीएम मोदी ने खोला भंडार, 1600 करोड़ की वित्तीय मदद का ऐलान



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पंजाब का दौरा कर भारी बारिश से उत्पन्न बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण किया और गुरदासपुर में अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान राहत और पुनर्वास कार्यों की प्रगति का आकलन किया गया।

### वित्तीय सहायता की घोषणा

प्रधानमंत्री ने पंजाब के लिए 1,600 करोड़ रुपये की अतिरिक्त वित्तीय सहायता की घोषणा की, जो राज्य के पास पहले से मौजूद 12,000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त होगी। उन्होंने कहा कि राज्य को एसडीआरएफ की दूसरी किस्त अग्रिम रूप से जारी की जाएगी। साथ ही, पीएम किसान सम्मान निधि के तहत भी सहायता प्रदान की जाएगी।

### बहुआयामी राहत और पुनर्वास योजना

प्रधानमंत्री ने प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्निर्माण के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की बात कही। इसमें पीएम आवास योजना के तहत घरों का पुनर्निर्माण, राष्ट्रीय राजमार्गों और स्कूलों की मरम्मत, पीएमएनआरएफ से सहायता, और पशुधन के लिए मिनी किट वितरण शामिल है। समग्र शिक्षा अभियान के तहत क्षतिग्रस्त सरकारी स्कूलों को सहायता दी जाएगी।

### कृषि समुदाय को विशेष सहायता

किसानों के लिए विशेष राहत की घोषणा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बिना बिजली कनेक्शन वाले किसानों को अतिरिक्त सहायता मिलेगी। बोरवेल की मरम्मत के लिए राष्ट्रीय कृषि विकास योजना और डीजल पंपों के लिए सौर पैनल व पर ड्रॉप मोर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### हिमाचल को 1500 करोड़ रुपये की मदद देगी केंद्र सरकार

शिमला। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले का हवाई सर्वे करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए 1500 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता का एलान किया है। पीएम मोदी ने इस दौरान मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि और घायलों को 50-50 हजार रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर संवेदनाएं प्रकट कीं और उन्हें हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।

प्रधानमंत्री ने सबसे पहले हिमाचल प्रदेश के बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण किया। इसके बाद, प्रधानमंत्री मोदी ने कांगड़ा में एक आधिकारिक बैठक की जिसमें हिमाचल प्रदेश में हुए नुकसान का आकलन करने के साथ-साथ राहत और पुनर्वास उपायों की समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री मोदी ने हिमाचल प्रदेश के लिए 1500 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता की घोषणा की। हवाई सर्वेक्षण के जरिए हिमाचल प्रदेश में बाढ़ और लैंडस्लाइड की स्थिति का जायजा लिया। इस कठिन (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# एनआईए की बड़ी कार्रवाई: 5 राज्यों व जम्मू-कश्मीर में 21 जगह छापेमारी, आतंकी साजिश का पर्दाफाश



नई दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने आतंकी साजिश का खुलासा करते हुए सोमवार को पांच राज्यों और जम्मू-कश्मीर में 21 स्थानों पर बड़ी कार्रवाई की। यह छापेमारी आईएसआईएस और अन्य आतंकी संगठनों से जुड़े नेटवर्क की जांच के तहत की गई। अधिकारियों के अनुसार, यह मामला जून 2025 में तमिलनाडु के चेंगलपट्टू जिले की कांचिपुरम पुलिस से एनआईए को ट्रांसफर हुआ था। एनआईए की टीमों ने बिहार, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु और जम्मू-कश्मीर में अलग-अलग ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। इस दौरान एजेंसी ने कई मोबाइल फोन, लैपटॉप, डिजिटल उपकरण और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि जब्त सामग्री आतंकी गतिविधियों से जुड़ी अहम जानकारियां दे सकती है। एजेंसी के अनुसार, यह कार्रवाई आतंकी संगठनों के नेटवर्क को ध्वस्त करने और उनकी भविष्य की योजनाओं को विफल करने के उद्देश्य से की गई। जब्त दस्तावेजों और डिजिटल सबूतों की फोरेंसिक जांच की जा रही है ताकि साजिश में शामिल अन्य लोगों और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# लद्दाख: सियाचिन बेस कैंप इलाके में भीषण हिमस्खलन, 2 अग्निवीर समेत 3 जवान शहीद



नई दिल्ली। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में मौजूद दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन में हिमस्खलन की चपेट में आने से भारतीय सेना के तीन जवान शहीद हो गए है। रविवार, 7 सितंबर को सियाचिन बेस कैंप इलाके में 12,000 फीट की ऊंचाई पर हिमस्खलन की यह घटना हुई थी। जिसके बाद आज मंगलवार को इस दुर्घटना में मारे गए तीन जवानों के शव बरामद किए गए है। इस हिमस्खलन में मारे गए तीन जवानों में दो अग्निवीर भी शामिल थे।

### दुनिया का सबसे ऊंचा और चुनौतीपूर्ण युद्धक्षेत्र

दुनिया का सबसे ऊंचा और चुनौतीपूर्ण युद्धक्षेत्र माना जाने वाला सियाचिन ग्लेशियर हिमालय की पूर्वी काराकोरम श्रेणी में स्थित है। यह कश्मीर के उत्तर-पूर्व में उस जगह के ठीक उत्तर-पूर्व में है जहां भारत और पाकिस्तान के बीच नियंत्रण रेखा NJ9842 नामक बिंदु पर समाप्त होती है। यह दुनिया के सबसे ठंडे और दुर्गम क्षेत्रों में से एक है। 76 किलोमीटर की लंबाई के साथ यह सियाचिन काराकोरम में सबसे लंबा और दुनिया के गैर-ध्रुवीय क्षेत्रों में दूसरा सबसे लंबा ग्लेशियर है। काराकोरम पर्वत श्रृंखला में स्थित इस ग्लेशियर की ऊंचाई यह 5,753 मीटर (लगभग 18,875 फीट) है।

### 1984 से भारत के नियंत्रण में सियाचिन

सभी प्रमुख दर्रों समेत पूरा सियाचिन ग्लेशियर 1984 से लद्दाख के हिस्से के तौर पर भारत के नियंत्रण में है। वहीं पड़ोसी देश पाकिस्तान की आर्मी, साल्टोरो रिज के पश्चिम में स्थित क्षेत्र को नियंत्रित करती है, जो कि ग्लेशियर के पश्चिम (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# कतर की राजधानी में इजरायल का बड़ा हमला, हमास के शीर्ष नेताओं को निशाना बनाया



नई दिल्ली। इजरायल ने मंगलवार को कतर का राजधानी दोहा में हमास के शीर्ष नेताओं को निशाना बनाते हुए हमला किया. इजरायल के अधिकारियों ने इस कार्रवाई की पुष्टि की है. जानकारी के अनुसार, इजरायल की सुरक्षा एजेंसी शिन बेट ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बैठक कर रहे नेताओं को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मंजूरी के बाद निशाना बनाया गया, जो कथित तौर पर सीजफायर को लेकर अमेरिका के नवीनतम प्रस्ताव पर चर्चा कर रहे थे. हालांकि इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने इस ऑपरेशन को स्वतंत्र अभियान बताया. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, हमास के शीर्ष आतंकवादी आकाओं के खिलाफ आज की कार्रवाई पूरी तरह से स्वतंत्र इजरायली अभियान था. इजरायल ने इसकी शुरुआत की, इजरायल ने इसे संचालित किया, और इजरायल इसकी पूरी जिम्मेदारी लेता है. दोहा के आसमान में काले धुएं के बादल दिखाई दिए. कतर के अधिकारी भी हमले की पुष्टि कर चुके हैं. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# कांग्रेस की वोट चोर गद्दी छोड़: पायलट बोले- हर जिले में चलाएंगे हस्ताक्षर अभियान, एकजुट होकर लड़ेंगे चुनाव



रायपुर। छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट आज बिलासपुर में राज्य की बीजेपी सरकार पर जमकर गरजे। इस दौरान बीजेपी सरकार पर जमकर आरोप लगाये। मुंगेली नाका स्थित ग्रीन गार्डन मैदान में वोट चोर, गद्दी छोड़ आमसभा में कांग्रेस के कई सीनियर नेता शामिल हुए। इस दौरान सचिन पायलट ने कहा कि हम वोट चोर, गद्दी छोड़ अभियान को पूरे प्रदेश में चलाएंगे। लोगों को जागरूक करेंगे। छत्तीसगढ़ में कई दिनों तक अभियान चलाया जाएगा और सरकार को मजबूर करेंगे कि हमारी बात सुनी जाए। निष्पक्ष चुनाव होना चाहिए। एक सवाल के जवाब में कहा कि 2028 का चुनाव एकजुट होकर लड़ेंगे। यहां व्यक्ति विशेष का मामला नहीं है।

उन्होंने कहा कि देश में आजादी के बाद लोकतंत्र की स्थापना हुई, लोगों को वोट का अधिकार मिला, लेकिन उस व्यवस्था को कमजोर किया जा रहा है। देश के मुख्य निर्वाचन आयोग के चुनाव चीफ जस्टिस की जगह गृहमंत्री को बिठा दिया, जिससे निर्वाचन आयोग का मुखिया उनकी पसंद का बन गया। सीसीटीवी फुटेज 45 दिन में मिटा दिया जाता है। राहुल गांधी ने वोट चोरी को लेकर निर्वाचन आयोग से सवाल पूछ तो जवाब बीजेपी के प्रवक्ता देते हैं, बीजेपी निर्वाचन आयोग का बचाव करती है। बिहार में लाखों लोगों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए। राहुल गांधी ने आम लोगों के लिए बिहार में वोट अधिकार यात्रा निकाली। क्या बिहार का गरीब, आम आदमी घुसपैठिया है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पहला कॉलम...

### नगर निगम में महापौर की नहीं चल रही - संतोष पिल्ले



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम राजनांदगांव की राजनीति में इस समय बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने महापौर मधुसूदन यादव की भूमिका पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि नगर निगम का संचालन अब महापौर के हाथों में नहीं बल्कि नांदगांव के स्पीकर हाउस से हो रहा है।

श्री पिल्ले ने कहा कि महापौर की पहले जैसी पकड़ अब निगम पर नहीं रह गई है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि हर साल गणेश उत्सव का पुरस्कार वितरण नगर निगम टाउन हॉल से आयोजित होता था लेकिन इस बार यह कार्यक्रम स्पीकर हाउस से आयोजित किया गया। इतना ही नहीं उन्होंने आरोप लगाया कि छह अनुकंपा नियुक्ति आदेश भी स्पीकर हाउस से जारी किए गए, जो पूरी तरह अनुचित है। पिल्ले ने सवाल उठाया कि जब नगर निगम का अपना टाउन हॉल और कार्यालय मौजूद है तो नियुक्ति आदेश और सम्मान समारोह डॉ. रमन सिंह के बंगले से क्यों किए जा रहे हैं? यदि डॉ. रमन सिंह नगर निगम में पहुंचकर यह सम्मान करते तो यह गौरव की बात होती।

नेता प्रतिपक्ष ने आगे कहा कि वर्तमान स्थिति यह स्पष्ट दर्शाती है कि महापौर का निगम पर नियंत्रण नहीं है। पिल्ले ने टाउन हॉल की ऐतिहासिक धरोहर का उल्लेख करते हुए कहा कि इसे राजा-महाराजाओं ने शहर की जनता को सौंपा था, लेकिन आज इसकी उपेक्षा हो रही है और निगम की गतिविधियां कहीं और से नियंत्रित की जा रही हैं, जो कि अनुचित है।

### विश्व हिंदू रक्षा संगठन ने जताया विश्वास, जिलाध्यक्ष बने दीपक सोनी




राजनांदगांव (दावा)। शहर के युवा समाजसेवी दीपक सोनी को विश्व हिंदू रक्षा संगठन का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संगठन के संरक्षक सुमित्रानंदन स्वामी के आदेश और राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सहमति से यह नियुक्ति की गई। साथ ही श्री सोनी को प्रदेश कार्यकारिणी में भी स्थान प्रदान किया गया है।

संगठन ने बताया कि दीपक सोनी को यह दायित्व उनकी सामाजिक सक्रियता, सादगीपूर्ण छवि और समर्पण भाव को देखते हुए सौंपा गया है। संगठन को विश्वास है कि वे अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करेंगे। नवीन जिम्मेदारी मिलने पर श्री सोनी ने कहा मैं संगठन के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने और सामाजिक एकता को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करता रहूंगा। उनकी नियुक्ति की जानकारी मिलते ही शहरवासियों, परिजनों और समर्थकों में हर्ष का माहौल देखने को मिला। सभी ने उन्हें बधाइयां दीं और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सामाजिक कार्यों और जनसेवा के कारण दीपक सोनी की पहचान शहर में एक प्रतिबद्ध कार्यकर्ता के रूप में रही है। उनकी नई भूमिका से संगठन को और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### दिग्विजय स्टेडियम में अंडर-14 क्रिकेट टीम के लिए ट्रायल 14 को

राजनांदगांव (दावा)। जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव द्वारा जिले की टीम (अंडर-14)के गठन हेतु दिनांक 14 सितंबर दिन रविवार को दिग्विजय स्टेडियम में चयन प्रक्रिया का आयोजन रखा गया है। चयन प्रक्रिया सुबह 8.30 बजे से प्रारंभ होगी। जिन खिलाड़ियों का जन्म 1 सिंतबर 2011 व 31 अगस्त 2013 के बीच हुआ हो तथा जिन खिलाड़ियों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हुआ है। वे ही इस चयन प्रक्रिया में भाग लेने हेतु पात्र है। जिन खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है। वे सुबह 10से 1 बजे व सायं 4 से 5 बजे के बीच आवश्यक दस्तावेज (पिछ्ले 5 वर्षो की अंकसूची, जन्म प्रामाण पत्र, आधार कार्ड सभी की मूल प्रति एवं पासपोर्ट फोटो) के साथ दिग्विजय स्टेडियम में उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते है। खिलाड़ियों का चयन एसोसिएशन द्वारा नियुक्त चयनकर्त्ताओं द्वारा किया जाएगा।


जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव के सचिव योगेश बागड़ी ने बताया कि उक्त चयन प्रक्रिया से चयनित खिलाड़ियों का सघन प्रशिक्षण शिविर लगाया जावेगा। शिविर में प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों का चयन कर जिले की टीम (अंडर -14) का गठन किया जावेंगा जो कि छग स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंर्तजिला क्रिकेट चैम्पियनशिप मे भाग लेगी। चयन प्रक्रिया में शामिल होने हेतु इच्छुक खिलाड़ी क्रिकेट की सफेद ड्रेस एवं स्वयं कि क्रिकेट किट के साथ उपस्थित होकर शामिल हो सकते है। आवश्यक दस्तावेजों के साथ ना आने पर चयन प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जावेगा। उक्त जानकारी जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

SILVER SCREEN MULTIPLEX
06th Sep To 11th Sep 2025



Baaghi 4 - 12:00, 03:00, 06:00 and 09:00 pm
The Bengal Files - 11:30am and 05:45 pm
The Conjuring Last Rites - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm
Dil Madharaasi - 09:30 pm
Param Sundari - 03:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) Only For Enquiry 8085600200

श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेल
एक्शन एनीमेशन फिल्म
नरसिम्हा
महाअवतार



ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

# सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाएं कराएं उपलब्ध - कलेक्टर



- नर्सिंग होम एक्ट का पालन नहीं करने वाले जिले के नर्सिंग होम हॉस्पिटलों पर कड़ी कार्रवाई करने के दिए निर्देश
- राजस्व के लंबित प्रकरणों को समय-सीमा में गंभीरता से पूर्ण करने के दिए निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए गंभीरतापूर्वक नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने कहा। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर 17 सितंबर को निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर शासकीय मेडिकल कॉलेज में आयोजित किया गया है। उन्होंने निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजन की तैयारी के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जिले में संचालित निजी नर्सिंग होम हॉस्पिटलों की सघन जॉच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निजी नर्सिंग होम हॉस्पिटलों में नर्सिंग होम एक्ट का पालन सुनिश्चित होना चाहिए। नर्सिंग होम एक्ट का पालन नहीं करने वाले नर्सिंग होम पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का अवलोकन कर पात्रतानुसार समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों को प्राथमिकता के साथ अवलोकन कर हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से अधिक से अधिक लाभान्वित करने कहा। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने जिले में संचालित स्मॉल एवं माईक्रो फायनेंस बैंकों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश देने कहा। उक्त निर्देश कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अंतर्गत सभी विभागों द्वारा शासन की योजनाओं से संबंधित गतिविधियों को आयोजित कर उसे पोर्टल में नियमित रूप से अपलोड करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही विभागीय 25 वर्षो की उपलब्धियों को भी अपलोड करने कहा। कलेक्टर ने अटल मानिटरिंग पोर्टल के मापदण्डों के अनुरूप सभी विभाग को अपने विभागीय योजनाओं में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को समय-सीमा में राजस्व प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए। खाता विभाजन, विवादित, अविवादित नामांतरण एवं त्रुटि सुधार के प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकरण करें। ग्राम स्तरीय शिविर आयोजित कर आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनाने के कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने घर-घर सर्वे करके पात्र विद्यार्थियों का आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनाने कहा। उन्होंने डिजिटल क्रॉप सर्वे कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को गंभीरतापूर्वक ऑनलाईन एवं ऑफलाईन गिरदावरी कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करने कहा। कलेक्टर ने स्वामित्व योजना, भू-बंटन के प्रकरणों की स्थिति, जल जीवन मिशन, पीएम स्वनिधि योजना सहित शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत कृषि, पशुपालन एवं मत्स्य पालन में केसीसी का लाभ हितग्राहियों को मिलना चाहिए।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना अंतर्गत आदि कर्मयोगी अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में 2 अक्टूबर तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में केन्द्र एवं राज्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से नागरिकों को लाभान्वित किया जाएगा। शिविर के माध्यम से शासन की योजनाओं से जनजातियों को अधिक से अधिक लाभान्वित करना है। इसके लिए विशेष तौर पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## गणेश विसर्जन झॉकी के दौरान गुम हुए 6 नग मोबाईल को पुलिस ने खोज निकाला



मोबाइल मालिकों को लौटाए गए उनके मोबाइल, पुलिस का जताया आभार

राजनांदगांव (दावा)। गणेश विसर्जन झांकी के दौरान भीड़ भाड़ में गुम हुए मोबाइलों को पुलिस ने ढूंढ निकाला है और मोबाइल धारकों को उक्त मोबाईले सुपुर्द कर दी गयी है। इससे मोबाइल धारक प्रार्थियों ने बसंतपुर पुलिस की खासी प्रशंसा करते हुए उनका आभार जताया है।

बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन (भापुसे) के मार्गदर्शन पर उनके व निरीक्षक विनय परमार साइबर सेल के नेतृत्व प्रार्थीगणों के गुम मोबाईल के पतासाजी हेतु अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के तहत 6 नग विभिन्न कंपनियों के गुम मोबाईल कीमत लगभग 1 लाख रूपये को थाना बसंपतुर पुलिस द्वारा बरामद किया गया। उन्होंने बताया क शहर में 7 सितंबर को गणेश चतुर्थी झांकी देखने आए आवेदक नरेश कुमार साहू पिता फूलचंद साहू निवासी मोहारा, डिकेश वर्मा पिता भैरव लाल वर्मा निवासी ग्राम लिटिया, यशवंत देशमुख पिता मोहन देशमुख निवासी देवपी नगपुरा जिला दुर्ग, भूपेन्द्र यादव पिता स्व. भारत भूषण यादव निवासी गेटाटोला, साहिल रजक पिता मुन्ना रजक निवासी चिखली पुलिस चौकी, योगेश साहू पिता संतराम साहू निवासी ग्राम टीपानगढ़ थाना गैंदाटोला द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया कि 7 सितंबर को राजनांदगांव शहर में गणेश विसर्जन झॉकी के दौरान झॉकी देखने आये थे और झॉकी के दौरान उपरोक्त आवेदकगणों को मोबाईल गुम हो गया है। जिसे त्वरित कार्यवाही करते हुए सायरब सेल की मदद से आवेदकगणो के गुम मोबाईल को बरामद सपुर्दनामा पर दिया गया। थाना प्रभारी श्री साहू ने आम जनता को गुम मोबाईल प्राप्त होने उपरान्त, उनका उपयोग न करते हुए नजदीकी थाना में जमा करने हेतु अपील की है और कहा है कि आगे भी जिले की पुलिस द्वारा गुम मोबाईल की पतासाजी जारी रहेगी। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक श्री साहू सहित निरीक्षक विनय परमार, उप निरीक्षक कैलाश मराई सीसीटीएनएस आरक्षक भवानी थनापति, कीर्तन अहीर एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

## कलेक्टर ने जनदर्शन में पहुंचे जनसामान्य की सुनी शिकायत एवं समस्याएं



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की शिकायत एवं समस्याओं को संवेदनशीलतापूर्वक सुना। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, राजस्व त्रुटि सुधार, आबादी पट्टा, नामांतरण, प्रोत्साहन राशि दिलाने, सड़क मरम्मत कराने, अतिक्रमण हटाने, ऑनलाईन रिकार्ड दुरूस्त करने, राशन कार्ड बनवाने, आधार कार्ड में अपडेशन सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### आपदा प्रभावितों को सहायता राशि स्वीकृत

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत राजनांदगांव एवं डोंगरगढ़ तहसील के आपदा प्रभावितों एवं उनके आश्रितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। राजनांदगांव तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि से 3 मकान आंशिक क्षति होने पर 12 हजार रूपए एवं तालाब के पानी में डूबने से एक जनहानि होने पर 4 लाख रूपए तथा डोंगरगढ़ तहसील में अतिवृष्टि से 6 मकान आंशिक क्षति होने पर 24 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

## इंटर स्कूल साहित्य महोत्सव में जे.बी. सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल का जलवा




राजनांदगांव (दावा)। दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव में इंटर स्कूल साहित्य महोत्सव 2025-26 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर जे.बी. सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल राजनांदगांव के विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने अपनी अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। इन कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। कैरेक्टर प्रेज़ेंटेशन प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें विधि साहू और तनमय रामटेके ने अपने उत्कृष्ट अभिनय से सबका दिल जीत लिया। इसके बाद रेडियों जॉकी प्रतियोगिता में अवनी द्विवेदी और दिव्या साहू ने अपनी रोचक प्रस्तुति से दर्शकों को खूब आनंदित किया। कविता पाठ में यशस्वी साहू ने अपने मधुर स्वर और प्रभावशाली अभिव्यक्ति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

स्टोरी टेलिंग में प्रियल सोनी और मनराज सोनी ने अपनी कहानियों के माध्यम से सभी को प्रभावित किया। वहीं रोल प्ले प्रतियोगिता में सावनी मसीह ने अपने अभिनय से सभी की खूब तालियां बटोरीं और इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सावनी के इस सफल प्रयास से पूरा विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। विद्यालय के प्रशासक संजय बहादुर, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, अकैडमी डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, प्राचार्य श्रीमती एकता खंडेलवाल, मनीषा मैंम, इला मैंम ने सावनी मसीह को ढेर सारी शुभकामनाएं और बधाई दी है। विद्यालय के प्राचार्या और शिक्षकों ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने में सफल रहा।

## आडिटोरियम में दो दिवसीय कबीर विचार संगोष्ठी 13 से

राजनांदगांव (दावा)। शहर के गौरव पथ स्थित पद्मश्री आडिटोरियम में जिला कबीर पंथी समाज द्वारा 13 सितंबर से दो दिवसीय कबीर विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया है।

जिला कबीर पंथ समाज के अध्यक्ष जेडी साहू व उपाध्यक्ष हरीश साहू ने बताया कि 13 सितंबर शनिवार को आडिटोरियम में आयोजित सदगुरु कबीर विचार संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. हरनाम सिंह (दिग्विजय कालेज), महंत तुलसी दास साहेब (गौर माटी), महंत बाबा दास साहेब कुदुरमाल (कोरबा), महंत प्रस्थान साहेब (अं. चौकी) धर्माधिकारी सत्येंद्र साहेब (नांदिया) गु. गौरव साहेब (राजस्थान) होंगे। इसके अलावा पद्मश्री डॉ. भारती बंधु ( रायपुर) के कबीर भजनों की प्रस्तुति होगी।

दूसरे दिन 14 सितंबर रविवार को आयोजित उक्त कार्यक्रम में मुख्य वक्ता शाकिर कुरैशी (अधिवक्ता हाईकोर्ट), साध्वी चंद्रकला साहेब (देवरी-बलौदा बाजार), साध्वी शिखा साहेब (महासमुंद), महंत त्रिलोकी साहेब (पोटियाडीह धमतरी), महात्मा लेखचंद साहेब (मुरमुरा-कुम्हारी), प्रो. राजकुमार कटारिया (दिग्विजय कालेज) होंगे। इस अवसर पर डॉ. ताराचंद भोंडवे ( इंदौर) द्वारा कबीर भजन की प्रस्तुति दी जाएगी। दिनांक 13 से 14 सितंबर तक आयोजित उक्त संगोष्ठी कार्यक्रम रोजाना सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक तथा अपरान्ह 3 से 6 बजे तक आयोजित रहेगा। जिला कबीर पंथी समाज द्वारा आयोजित उक्त कबीर विचार संगोष्ठी कार्यक्रम लोगों को अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर लाभ उठाने की अपील की गई है।

## 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन 12 को

राजनांदगांव (दावा)। स्कूल शिक्षा विभाग छग शासन द्वारा संचालित एवं जिला शिक्षा विभाग राजनांदगांव द्वारा आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन समारोह 12 सितंबर को सुबह 11 बजे अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में किया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद संतोष पाण्डेय उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण वैष्णव द्वारा की जाएगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव सचिन बघेल, अध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल योगश दत्त मिश्रा, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण साहू, अध्यक्ष नगर पालिक निगम राजनांदगांव पारस टोपेन्द्र सिंह वर्मा, पूर्व अध्यक्ष राजगामी संपदा न्यास रमेश पटेल उपस्थित रहेंगे।

### शुभांक

अनुमानित

बी. के.
3-5-9
114-6 788-3
राजधानी
2-6-8
144-5 150-9

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, राजनांदगांव (छ.ग.)**

**संक्षिप्त ई- निविदा सूचना क्रमांक-20**

क्र./1999/क्लेलि/ग्रायांसेवा/2025-26 राजनांदगांव, दिनांक 08/09/2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से पंजीकृत एकीकृत पंजीयन प्रणाली से प्रपत्र 'ए' में दर्शित निम्नालिखित निर्माण कार्य हेतु दर प्राप्त करने ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.लाख में) | निविदा आमंत्रण | निविदा कार्यालय में पहुंचने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| विकासखण्ड क्षेत्रीय जोनल निविदा 2025-26 ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग डोंगरगांव अंतर्गत विभिन्न मदों में स्वीकृत 25.00 लाख से कम लागत के भवन एवं अन्य प्रकार के निर्माण कार्य भाग 2 | 30.00 | प्रथम बार | 23.09.2025 |
| विकासखण्ड क्षेत्रीय जोनल निविदा 2025-26 ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग डोंगरगांव अंतर्गत विभिन्न मदों में स्वीकृत 25.00 लाख से कम लागत के भवन एवं अन्य प्रकार के निर्माण कार्य भाग 3 | 30.00 | प्रथम बार | 23.09.2025 |
| महतारी सदन निर्माण कार्य सुरगी विकासखण्ड राजनांदगांव | 26.84 | प्रथम बार | 23.09.2025 |
| महतारी सदन निर्माण कार्य डिलापहरी विकासखण्ड राजनांदगांव | 26.84 | प्रथम बार | 23.09.2025 |

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 09.09.2025 से देखी जा सकती है। निविदा कार्यालय में पहुंचने की अंतिम तिथि 23.09.2025 सायं 5.30 तक है।

जी- 252603353/3

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
राजनांदगांव (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) खैरागढ़
जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202509290100026 अ/2 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मीरा चोपड़ा पति गुलाब चोपड़ा निवासी खैरागढ़ कास्तकार ग्राम नवागांवकला तहसील खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई द्वारा ग्राम नवागांवकला स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ख.न. 1218/1 रकबा 4 डिसमिल हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बाबत् बी-1, खसरा, नक्शा, पंजीकृत विक्रय पत्र की प्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वाद भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो वे दिनांक **25/09/2025** को या इसके पूर्व स्वतः अथवा मान्य अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाले आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक **08/09/2025** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**खैरागढ़ (छ.ग.)**

तहसीलदार राजनांदगांव के न्यायालय
जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.मा.क्र... बी-121 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सलील कुमार आ. फ्रेड्रीक पाल निवासी शहर/ग्राम गौरीनगर प.ह.नं.... तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा अपने माता डेजी फ्रेड्रीक पाल ध.प. फ्रेड्रिक पाल मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग की गई है। उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि 16/09/2025 तक लिखित में स्वयं/अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार दिनांक 02/09/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
जारी दिनांक 02/09/2025
सुनवाई दिनांक 16/09/2025

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**राजनांदगांव (छ.ग.)**

# खेल प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ी अपनी बेहतरीन खेल प्रतिभा का करें प्रदर्शन : महापौर मधुसूदन यादव

**○ 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ**
**○ खेले, खूब पढ़े और आगे बढ़े**
**○ 9 से 12 सितंबर तक हॉकी, योगा एवं गतका खेलों का होगा आयोजन**



राजनांदगांव (दावा)। स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित एवं जिला शिक्षा विभाग राजनांदगांव द्वारा आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ आज अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में किया गया। महापौर मधुसूदन यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में 5 संभाग से आए खिलाड़ी शामिल हो रहे है। सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। चार दिनों की इस खेल प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ी अपनी बेहतरीन खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। महापौर ने कहा कि प्रतियोगिता के आयोजन के लिए सभी तैयारियों सुनिश्चित की गई है और प्रतिभागियों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। समन्वय के साथ मिलकर सभी इस आयोजन को अविस्मरणीय बनाएंगे। उन्होंने कहा कि 25वीं राज्य स्तरीय शालेय कीड़ा प्रतियोगिता में हॉकी, योगा, गतका खेल का प्रदर्शन होगा। गतका खेल राजनांदगांव जिले के लिए नया है। गतका पंजाब का एक पारंपरिक सिक्ख मार्शल आर्ट है। जिसमें लाठी और ढाल से आत्मरक्षा की एक कला है। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2021 में गतका को राष्ट्रीय खेल के रूप में मान्यता मिली है और इस खेल की लोकप्रियता बढ़ रही है। उन्होंने गतका खेल का प्रदर्शन ओलंपिक जैसे अंतर्राष्ट्रीय खेल मंचों पर आयोजित होने की आशा व्यक्त की। इसके साथ ही हॉकी एवं योगा प्रतियोगिता के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम का स्वरूप और बदलेगा। यह पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की देन है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा खिलाड़ियों की सुविधाओं एवं सभी खेलों को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने खेले, खूब पढ़े और आगे बढ़े खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

उल्लेखनीय है कि 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 9 से 12 सितंबर तक राजनांदगांव शहर में आयोजित किया जा रहा है। प्रतियोगिता में हॉकी (बालक व बालिका 19 वर्ष), योगा (बालक व बालिका 14,17,19 वर्ष) एवं गतका (बालक / बालिका 17,19 वर्ष) खेलों का आयोजन हो रहा है। प्रतियोगिता में सरगुजा संभाग से 104, बिलासुपर संभाग से 110, रायपुर संभाग से 103, दुर्ग संभाग से 110, बस्तर संभाग से 101 खिलाड़ी एवं अधिकारी, कोच, मैनेजर शामिल हो रहे है। प्रतियोगिता में हॉकी खेल का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम, गतका खेल का आयोजन दिग्विजय स्टेडियम के बास्केटबाल इण्डोर हॉल एवं योगा का आयोजन शासकीय कमलादेवी राठी महिला महाविद्यालय के इंडोर हॉल में किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बक्खी विद्यालय राजनांदगांव के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। गायत्री विद्या पीठ के विद्यार्थियों द्वारा योग का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी कोमल सिंह राजपूत, फिरोज अंसारी, रवि सिन्हा, राजा माखीजा, सुमीत सिंह भाटिया, श्रीमती अमृता सिन्हा, राजेन्द्र जैन, जिला परियोजना अधिकारी साक्षरता श्रीमती रश्मि सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, आयोजन समिति से जुड़े पदाधिकारी तथा खेल एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी, खिलाड़ी, प्रशिक्षक उपस्थित थे।

# रॉयल किड्स के पूर्व छात्र अमित झा ने न्यूयॉर्क में फहराया परचम




राजनांदगांव (दावा)। रॉयल किड्स कॉन्वेंट के पूर्व छात्र अमित झा ने अपनी प्रतिभा और मेहनत से एक नया मुकाम हासिल किया है। अमित वर्तमान में न्यूयॉर्क में गूगल में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में काम कर रहे हैं।

## शिक्षा और करियर

अमित ने अपनी तकनीकी शिक्षा पूरी करने के बाद, आईआईटी रूड़की से ऑनलाइन एक्जीक्यूटिव एमबीए की डिग्री हासिल की। इस डिग्री ने उन्हें तकनीकी प्रबंधन और उत्पाद प्रबंधन भूमिकाओं में अपने कौशल को बढ़ाने में मदद की।

## गूगल में करियर

अमित गूगल में सीनियर क्लाउड बायर इंजीनियर के रूप में काम कर रहे हैं और उन्होंने अपने करियर में कई महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं। उन्होंने एयूपी में एप्लिकेशन मॉडर्नाइजेशन सीएक्स इंजीनियर के रूप में भी काम किया है और उनका 20 वर्षों का उद्योग अनुभव है।

## प्रेरणा और उपलब्धि

अमित की कहानी उन छात्रों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है जो अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उनकी उपलब्धि रॉयल किड्स कॉन्वेंट के लिए गर्व का विषय है और यह साबित करता है कि संस्थान के छात्र किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकते हैं।

## प्रबंधन समिति ने दी शुभकामनाएं

रॉयल किड्स कॉन्वेंट के अध्यक्ष डॉ. सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, निदेशक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती इला सिंह, श्रीमती एकता खंडेलवाल, श्रीमती ममता मिश्रा, सुश्री सरिता सिंह, सोनल अंजोरियो, बर्सर इंद्र कुमार वैष्णव और अकादमिक निदेशक अभिषेक खंडेलवाल ने इस अवसर पर अमित झा एवं झा परिवार को अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

# रॉयल किड्स कॉन्वेंट की छात्रा फाल्गुनी को मिला 0.1 प्रतिशत मेरिट सर्टिफिकेट




राजनांदगांव (दावा)। शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान रॉयल किड्स कॉन्वेंट की होनहार छात्रा फाल्गुनी देवांगन ने अपनी मेहनत और लगन से आईसीएसई बोर्ड में एक शानदार उपलब्धि हासिल की है। उन्हें कक्षा 10वीं की परीक्षा में शीर्ष 0.1 प्रतिशत में आने के लिए प्रतिष्ठित 0.1 प्रतिशत मेरिट सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया है।

यह प्रमाण पत्र उन छात्रों को दिया जाता है, जो भारतीय विद्यालय प्रमाण पत्र परीक्षा परिषद (सीआईएससीई) की 10वीं कक्षा की परीक्षा में उत्कृष्टता का प्रदर्शन करते हैं। फाल्गुनी की इस सफलता के पीछे उनकी शिक्षिका श्रीमती तृप्ति मेश्राम का मार्गदर्शन रहा, जिन्हें स्कूल प्रबंधन द्वारा इस अवसर पर सम्मानित भी किया गया। फाल्गुनी की इस उपलब्धि से परिवार और स्कूल में खुशी का माहौल है। छात्रा के माता-पिता ने इस सफलता का श्रेय रॉयल किड्स कॉन्वेंट के प्रिंसिपल अभिषेक खंडेलवाल और सभी शिक्षकों को दिया।

इस अवसर पर शाला की अध्यक्षा श्रीमती डॉक्टर सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, श्रीमती मनीषा सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, श्रीमती इला सिंह, एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, बरसर आई के वैष्णव, सीबीएसई प्राचार्या एकता खंडेलवाल, उप्राचार्या ममता मिश्रा, कल्चरल एक्टिविटीज इंचार्ज अपर्णा वर्मा, एच एम सरिता सिंह एवं सभी शिक्षकों ने बच्ची को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# डॉ. जे.बी सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया गया

**गुणवत्ता युक्त शिक्षण संस्थान डॉ.जे.बी सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में**



राजनांदगांव (दावा)। शिक्षक दिवस बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुई। विद्यार्थियों ने शिक्षकों के सम्मान में रंगारंग प्रस्तुतियां दी। जिनमें, गीत, कविता, और रोल प्ले शामिल थे। शिक्षकों ने भी बच्चों के आग्रह पर सामूहिक गीत, एकल गीत, नृत्य प्रस्तुत किया और हर्ष, उल्लास का माहौल बना दिया। इस अवसर पर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को विशेष रूप से याद किया गया। जिनके जन्मदिवस (5 सितम्बर) को ही पूरे भारत में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। विद्यार्थियों ने उनके आदर्श जीवन और शिक्षा के प्रति समर्पण से प्रेरणा ली। कक्षा 11वीं की छात्रा पल जैन ने गणेश वंदना के शानदार नृत्य से कार्यक्रम को चार चांद लगा दी। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों ने भी मंच पर नृत्य और गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इससे पूरे वातावरण में उत्साह और अपनापन और भी बढ़ गया।

अशोक चौधरी जी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के पथप्रदर्शक होते हैं। उन्होंने बताया कि डॉ. राधाकृष्णन एक महान शिक्षक, दार्शनिक और भारत के राष्ट्रपति रहे। उनका जीवन हमें सिखाता है कि शिक्षा ही व्यक्ति को सच्चा नागरिक बनाती है। पूरे विद्यालय में खुशी और कृतज्ञता का वातावरण छाया रहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासक संजय बहादुर सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, मनीषा सिंह, इला सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह उपस्थित थे। संपूर्ण कार्यक्रम डायरेक्टर श्रेयांश बहादुर सिंह के मार्गदर्शन में संपादित हुआ। प्रेसिडेंट डॉ. सविता जे.बी.सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादूर सिंह ने सभी शिक्षकों को ढेर सारी शुभकामनाएं और बधाईयां प्रेषित की हैं। यह जानकारी जया देवांगन मीडिया प्रभारी ने विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

# जोरातराई में न्यौता भोज : बच्चों को भाया इटली सांभर चटकारेदार चटनी



राजनांदगांव (दावा)। शा.प्रा.शाला जोरातराई संकुल मनगटा विकासखंड राजनांदगांव में न्योता भोज के तहत नितेंद्र गुप्ता के द्वारा अपने पिता के जन्मदिवस के अवसर पर शाला में बच्चों को इडली, सांभर, नारियल की चटनी खिलाया गया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख श्रीमती सरिता ठाकुर, शिक्षक खिलावन सिंह ठाकुर, पुमेंद्र कुमार साहू, श्रीमती मेनका ठाकुर एवं सरपंच शशिकांत साहू उपस्थित रहे। न्यौता भोज के सुअवसर पर सरपंच के द्वारा गुप्ता सर को धन्यवाद देते हुए विद्यालय प्रबंधन समिति व आम लोगों से अपील की गई कि वे भी समय -समय पर न्योता भोज के लिए आगे आयें।

# विपिन ठाकुर थिंक सो इम्पैक्ट अवार्ड 2025 में यंग लीडर अवार्ड से सम्मानित



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ की राजधानी में आयोजित थिंक सो इम्पैक्ट अवार्ड 2025 में समाजसेवी विपिन ठाकुर को यंग लीडर अवार्ड से नवाजा गया। यह सम्मान उन्हें बाल अधिकारों की रक्षा और सशक्तिकरण के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया।

विपिन ठाकुर लंबे समय से बाल अधिकार, बाल संरक्षण और शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय हैं। किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य रह चुके ठाकुर वर्तमान में एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन के राज्य समन्वयक हैं। बीते दो दशकों में उन्होंने बाल श्रमिकों और मानव तस्करी के शिकार बच्चों को रेस्क्यू करने और अभियुक्तों पर कार्रवाई कराने में अहम भूमिका निभाई है। वह राज्य प्रशासन अकादमी, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस और शिक्षा विभाग सहित विभिन्न संस्थानों में राज्य स्तरीय प्रशिक्षक एवं विषय विशेषज्ञ के रूप में भी सेवाएं दे चुके हैं।

अवार्ड समारोह का आयोजन एलायंस फॉर बिहेवियर चेंज और सर्वहितम द्वारा एनआईटी कॉलेज रायपुर के सहयोग से किया गया। यह प्रदेश का पहला थिंक सो ष्टस्क्र अवार्ड था, जिसका उद्देश्य सामाजिक प्रभाव और कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में सीएसआईडीसी अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, यूनिसेफ एसबीसी विशेषज्ञ अभिषेक सिंह, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डा. वर्णिका शर्मा, उरला औद्योगिक संघ अध्यक्ष अश्विन गर्ग और डीटीआईसी रायपुर के महाप्रबंधक हेमेश देवांगन बतौर अतिथि शामिल हुए। सम्मान मिलने के बाद विपिन ठाकुर ने कहा कि यह अवार्ड उनके लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने इसके लिए एलायंस फॉर बिहेवियर चेंज, सर्वहितम और सृजन सामाजिक संस्था के डायरेक्टर शरद श्रीवास्तव का विशेष आभार जताया। साथ ही उन्होंने कहा कि वे आगे भी बाल अधिकारों की रक्षा और समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।

# प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से चिंताराम चंद्रवंशी के बिजली बिल की चिंता हुई दूर

**○ उपभोक्ताओं के लिए किफायती और उपयोगी साबित हो रही**
**○ सौर ऊर्जा से रौशन हुआ चिंता राम चंद्रवंशी का घर**



राजनांदगांव (दावा)। शासन की प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना उपभोक्ताओं के लिए किफायती और उपयोगी साबित हो रही है। सौर ऊर्जा न केवल पर्यावरण हितैषी है, बल्कि भविष्य की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। जिले में इस योजना के प्रति आमजन में तेजी से रूचि बढ़ रही है और लोग अपने घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाकर बिजली बचत के साथ-साथ ऊर्जा-दाता भी बन रहे हैं। सृष्टि कॉलोनी निवासी श्री चिंताराम चंद्रवंशी ने बताया कि उन्होंने मार्च 2025 में अपने घर की छत पर 5 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल स्थापित किया है। इस पर करीब 3 लाख रूपए की लागत आई। जिसमें शासन से उन्हें 78 हजार रूपए का अनुदान मिला था। उन्होंने बताया कि पहले हर माह उनका बिजली बिल 2000 से 2500 रूपए आता था। गर्मी के दिनों में यह खर्च 3000 रूपए से अधिक हो जाता था, लेकिन सौर पैनल लगाने के बाद मार्च 2025 से अब तक उनका बिजली बिल शून्य आ रहा है। इतना ही नहीं अतिरिक्त बिजली का उत्पादन होने पर वह ग्रिड में भी जमा हो रही है। जिसका उपयोग जरूरत पडने् पर भविष्य में किया जा सकता है। चिंताराम चंद्रवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना बेहद उपयोगी है। उन्होंने बताया कि अब छग सरकार ने भी प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत सोलर पैनल लगाने पर 15 से 30 हजार रूपए तक का अतिरिक्त अनुदान देने की घोषणा की है। जिससे उपभोक्ताओं को अब दोहरा लाभ मिलेगा। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे इस योजना का लाभ लेकर बिजली उपभोक्ता से ऊर्जा-दाता बनने की दिशा में कदम बढ़ाएं और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपना योगदान दे। श्री चंद्रवंशी ने इस महत्वपूर्ण योजना के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत अपने घर की छत पर ही ऊर्जा का उत्पादन करने की यह पहल बिजली के बिल से मुक्ति दिलाने तथा ऊर्जा संरक्षण की दिशा में कारगर साबित हो रही है। प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत स्थापित प्लांट नेट मीटरिंग द्वारा विद्युत ग्रिड से संयोजित होगा। जिससे उपभोक्ता द्वारा अपनी खपत से अधिक उत्पादित बिजली ग्रिड में सप्लाई हो जाती है। इससे न केवल उपभोक्ता के घर का बिजली बिल शून्य हो जाता है, बल्कि ग्रिड में दी गई बिजली के एवज में अतिरिक्त आय भी प्राप्त होती है। शासन द्वारा प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत 30 हजार रूपए से 78 हजार रूपए तक की सब्सिडी प्रति प्लांट दिए जाने का प्रावधान है। रूफटॉप सोलर संयंत्र की क्षमता अनुसार लागत राशि एवं सब्सिडी अलग-अलग है। उपभोक्ता द्वारा सोलर प्लांट के ब्रांड चयन कर सकते है। 3 किलोवाट से अधिक क्षमता का प्लांट लगाने पर अधिकतम 78 हजार रूपए तक सब्सिडी का प्रावधान है। प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक को वेबसाईट pmsuryaghar.gov.in या पीएम सूर्यघर मोबाईल एप पर पंजीयन कर लॉग इन आईडी प्राप्त करना होगा। इसके बाद वेब पोर्टल पर उपलब्ध वेंडर का चुनाव कर बिजली कर्मचारी की मदद से वेब पोर्टल पर पूर्ण आवेदन करना होगा। निर्धारित अनुबंध हस्ताक्षरित होने के पश्चात वेंडर द्वारा छत पर प्लांट की स्थापना एवं डिस्कॉम द्वारा नेट मीटर स्थापित किया जाता है। स्थापित प्लांट के सत्यापन पश्चात शासन द्वारा सब्सिडी ऑनलाईन जारी कर दी जाती है। इस दौरान यदि उपभोक्ता इच्छुक हो तो शेष राशि का प्रकरण 7 प्रतिशत ब्याज दर पर बैंक ऋष्ण हेतु बैंकों को जनसमर्थन पोर्टल द्वारा ऑनलाईन प्रेषित किया जाता है।

# मोर मकान मोर आस योजनान्तर्गत लॉटरी के माध्यम से 18 को आवास आबंटन

**आवास आबंटन के लिये बिचैलियों से बचने आयुक्त ने की अपील**



राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान मोर आस इसके अंतर्गत मात्र किफायती दरों में आवास के लागत मूल्य पर वर्षों से किरायेदारों के रूप में निवासरत परिवारों का अब सपना साकार हो रहा है, उन्हें स्वयं का अपना पक्का आवास योजनांतर्गत मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत नगर निगम सीमाक्षेत्र में सुन्दर सुविधायुक्त 1340 बहु मंजिला आवास लखोली, पेण्ड्री, मोहारा, रेवाड़ीह आदि स्थानों में पूर्ण रूप से निर्मित किया है, एवं 590 आवास विभिन्न स्तरो पर निर्माणाधीन है। उक्त आवासों को मोर मकान मोर आस योजना के तहत शासन द्वारा निर्धारित किए गए दरों पर नियमानुसार आबंटित किया जा रहा है। आवास आबंटित करने नगर निगम द्वारा प्रक्रिया की जा रही है।

पूर्व में 191 पात्र आवेदकों को आवास का आबंटन किया गया। परियोजना अनुरूप राशि जमा करने पर आवेदकों को लॉटरी में सम्मिलित कर दिनांक 18 सितंबर गुरूवार को दोपहर 3:30 बजे निगम सभागृह में लॉटरी के माध्यम से आवास आबंटित किये जाएंगे।

आवास आबंटन के संबंध में नगर निगम आयुक्त अतुल विष्वकर्मा ने बताया कि मोर मकान मोर आस योजनान्तर्गत वर्षो से किराये में निवासरत् परिवारो को आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसके लिए नगर निगम द्वारा आवेदन आमंत्रित किया गया हैं। दावा आपत्ति उपरांत पूर्व की सूची के 822 पात्र आवेदक में से परियोजना अनुरूप राशि जमा करने के उपरांत लॉटरी के माध्यम से 18 सितंबर को आवास का आबंटन किया जाएगा।

उन्होंने बताया किए योजनांतर्गत जिन परियोजनाओं में आवास निर्माण कार्य पूर्ण किये जा चुके है अर्थात ऐसे आवास जो हितग्राहियों को आबंटन हेतु पूर्ण रूप से तैयार है। उन आवासों में हितग्राहियों को हितग्राही अंशदान की राशि एकमुष्त अग्रिम जमा करनी होगी।

आयुक्त ने बताया कि वे आवास जो अभी निर्माणाधीन है। उन निर्माणाधीन आवास के लिए लॉटरी के पूर्व निर्धारित प्रति आवास मूल्य का 10 प्रतिशत एवं षेश राशि 10 माह में किस्तों के रूप में देनी होगी। निकाय अंतर्गत निर्माणाधीन आवास 272 यूनिट लखोली 2,74,044.00 रूपए 258 यूनिट रेवाडीह, पेण्ड्री 2,91,027.00 रू. 870 यूनिट पेण्ड्री एवं मोहारा 2.80,115.00 रूपए से सभी निर्माणाधीन आवास एक वर्ष में पूर्ण कर लिए जाएंगे। हितग्राही आबंटन उपरांत अपने स्वयं के आवास को अपने ऑखो के सामने बनते हुये देख सकते है।

आयुक्त ने नागरिकों से अपील करते हुये कहा कि आवास आबंटन के लिए बिचैलियों से बचे, आवास हेतु किसी भी व्यक्ति से पैसे का लेनदेन ना करें, आवास भुतल या नीचे ऊपर दिलाने के लिए भी किसी से संपर्क कर किसी को भी पैसा न देवे। बाहरी व्यक्तियों के द्वारा आवास दिलाने संपर्क किया जा रहा है। इस प्रकार की शिकायतें लगातार निगम कार्यालय को प्राप्त हो रही है। किसी भी व्यक्ति से इस संबंध में चर्चा कर पैसे का लेनदेन ना करें। क्योकि वे व्यक्ति निगम से संबंधित नही है। इस प्रकार के लोगो से बचे एवं निगम में सम्पर्क कर विधिवत स्वयं के आवास का सपना सकार करे।

योजना के नोडल अधिकारी दीपक कुमार खाण्डे ने सभी पात्र आवेदकों से अपील की है कि अपने स्वयं का आवास पाने हेतु परियोजना अनुरूप निर्धारित राशि जमा करने के उपरोत 10 या 10 से अधिक आवेदकों की राशि जमा होने पर लाटरी की प्रक्रिया सम्पन्न कर आवास आबंटन किया जाता है। यह एक निरंतर प्रक्रिया है। पहले आव पहले पाव के तहत सभी को आवास आबंटित किये जा रहे है।

# राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप भिलाई में 11 से 14 सितंबर तक

**0 32 राज्यों से 900 से अधिक प्रतिभागी करेंगे योग कौशल का प्रदर्शन**
**0 उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह**

राजनांदगांव (दावा)। छठवीं राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2025 का आयोजन 11 से 14 सितंबर तक अग्रसेन भवन, सेक्टर-6, भिलाई में होगा। इस महोत्सव में देश के 32 राज्यों से 900 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। आयोजन समिति का कहना है कि इसका मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ की जनता को योग के प्रति जागरूक करना और योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल विधा के रूप में स्थापित करना है।

उद्घाटन समारोह 11 सितंबर गुरुवार सुबह 11 बजे होगा। मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, अध्यक्षता सांसद विजय बघेल, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे, विधायक रिकेश सेन, डॉ.जयदीप आर्य (हरियाणा योग आयोग अध्यक्ष), दुर्ग महापौर अलका बाघमार, धमतरी महापौर जगदीश रामूरोहरा, समाजसेवी एवं उद्योगपति विजय गुप्ता सहित कई गणमान्य जन शामिल होंगे। प्रतियोगिता का मूल्यांकन आईआईटी मद्रास द्वारा विकसित विशेष सॉफ्टवेयर पर आधारित होगा। निर्णायक प्रतिभागियों की सूक्ष्म गतिविधियाँ, शारीरिक संतुलन, संयम और एकाग्रता देख पाएंगे। महिला व पुरुष वर्ग में दो आयु समूह (18-28 व 29-35 वर्ष) में मुकाबले होंगे। कुल 12 इवेंट्स में 80 विशेषज्ञ निर्णायक शामिल रहेंगे।

समापन समारोह 14 सितंबर रविवार दोपहर 2 बजे होगा। मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, अध्यक्षता सांसद विजय बघेल, विशिष्ट अतिथि सांसद संतोष पांडे, विधायक ललित चंद्राकर, योगासन भारत के अध्यक्ष उदित सेठ, उद्योगपति बहादुर अली, समाजसेवी बंसी अग्रवाल आदि होंगे। एसोसिएशन अध्यक्ष गोस्वामी जयंत विष्णु भारती ने बताया कि आने वाले एशियाई खेल (जापान) में योग शामिल होगा। 2036 ओलंपिक में भी योग के शामिल होने की संभावना है। हाल ही में 38वें राष्ट्रीय खेलों में छत्तीसगढ़ ने योग में 2 स्वर्ण और 1 कांस्य पदक जीतकर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। उक्त जानकारी जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हेमंत तिवारी एवं सचिव लक्ष्मण लोहिया ने दी।

# अनमोल दावा

> **रिश्तों में दरार दूर रहने से नहीं बल्कि झूठ बोलने से आती है।**

## समय के अनुरूप जीएसटी में सुधार, विकास को मिलेगी नई गति

सुधारों को अक्सर इस तरह प्रस्तुत किया जाता है मानो इनसे हर किसी को लाभ पहुंचता है। वास्तविकता में सुधारों के भी दो पहलू होते हैं। इसमें भी किसी को लाभ होता और किसी को नहीं। सुधार इतना जरूर करते हैं कि विभिन्न क्षेत्रों और लोगों पर बोझ की दिशा बदल देते हैं। ऐसे में बड़ा सवाल यही है कि क्या सुधारों के नाम पर की जाने वाली पहल अर्थव्यवस्था को एक मजबूत, अधिक टिकाऊ विकास पथ पर ले जाती है।

हाल में 56वीं जीएसटी परिषद की बैठक में वस्तु एवं सेवा कर यानी जीएसटी के मोर्चे पर किए गए सुधार इसी गतिशीलता को दर्शाते हैं। इसके जरिये कर संरचना को सरल बनाकर, लोगों पर बोझ घटाकर, उत्पादकों के लिए विसंगतियों को दुरुस्त कर और विवाद समाधान प्रणाली को मजबूत कर परिषद ने जीएसटी को भ्रम और अनुपालन की जटिलता के जाले से बाहर निकालकर विकासोन्मुख ढांचे की ओर नए सिरे से उन्मुख किया है। इन सुधारों का सशक्त पहलू यह है कि इसमें मध्यमवर्गीय उपभोक्ता विजेता के रूप में उभरता दिखता है।

सबसे स्पष्ट परिवर्तन चार स्तरों वाले जीएसटी ढांचे से एक सरल और नागरिक हितैषी प्रणाली की ओर बढ़ना है, जिसमें केवल दो मुख्य स्लैब हैं। मेरिट वस्तुओं के लिए पांच प्रतिशत और मानक स्लैब के रूप में 18 प्रतिशत। जबकि 40 प्रतिशत की विशेष स्लैब केवल विलासिता और हानिकारक वस्तुओं जैसे कि सट्टेबाजी और कैसिनो, बड़े वाहनों और कुछ गैर-अल्कोहलिक पेय पदार्थों के लिए नियत की गई है। पुराने सिस्टम के तहत शब्दों में छोटा सा अंतर बड़ी विसंगति की वजह बनता रहा है।

जैसे क्या पराठा रोटी के समान था? पनीर को छूट और चीज पर टैक्स? ये अस्पष्टताएं वर्गीकरण विवाद, मुकदमेबाजी और प्रशासनिक बैकलाग की स्थिति को निर्मित करती रहीं। इसके चलते तमाम छोटे उद्यमों के लिए अनुपालन के मोर्चे पर अधिक समय, ऊर्जा और संसाधन खर्च करने पड़ते। स्वाभाविक रूप से इसका उत्पादन पर असर पड़ता। अब चार स्लैब वाली व्यवस्था को दो श्रेणियों में सिमेटकर परिषद ने विवादों की गुंजाइश को घटाते हुए कर प्रणाली में अनिश्चितताओं को दूर करते हुए उसे अधिक पूर्वानुमानित बना दिया है।इस सुधार से लोगों को सीधी राहत भी मिलने वाली है। दूध, पनीर और ब्रेड अब जीएसटी से मुक्त हो गए हैं। जबकि साबुन, शैंपू, टूथपेस्ट, साइकिल और रोजमर्रा उपभोग में आने वाली कई वस्तुएं जो पहले 12 या 18 प्रतिशत की श्रेणी में आती थीं, उन पर दर घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। इससे घरेलू बजट का संतुलन और बेहतर होगा। एसी, टीवी, बाइक से लेकर छोटी कारों समेत कई वस्तुओं पर दर को 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करना भी लाभ पहुंचाने वाला सिद्ध होगा।

जीएसटी सुधार के पीछे मंशा एकदम स्पष्ट है कि लोगों के पास अधिक से अधिक पैसा रहे, जो खर्च होकर आर्थिकी को गति प्रदान करे। जहां निजी उपभोग की जीडीपी में करीब 60 प्रतिशत की हिस्सेदारी है, वहां यह पहल मांग को तात्कालिक रूप से बढ़ाने का काम करेगी। स्वास्थ्य पर होने वाला खर्च भी इस सुधार से घटेगा। पहली बार जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा को कर मुक्त कर दिया गया है। कई जीवनरक्षक दवाएं भी कर मुक्त हो गई हैं, जबकि स्वास्थ्य परीक्षण से जुड़े उपकरणों पर भी टैक्स घटा दिया गया है। यहां मुद्दा केवल कल्याण का नहीं, बल्कि विकास का भी है। किफायती स्वास्थ्य देखभाल और व्यापक बीमा कवरेज लोगों को चिकित्सा खर्च के झटकों से बचाने का काम करते हैं। इससे अन्य खर्चों के लिए संसाधन बचेंगे। साथ ही, स्वस्थ और अधिक सुरक्षित कार्यबल बनाकर उत्पादकता में सुधार की संभावनाएं भी बढ़ती हैं। इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर के जरिये भी उत्पादकता बढ़ाने का प्रयास किया गया है। यह स्थिति तब बनती है जब इनपुट पर तैयार उत्पादों की तुलना में अधिक कर लगता है।

यह उद्यमों के लिए अनुपयोगी क्रेडिट जमा करने, तरलता पर दबाव डालने और प्रतिस्पर्धा गंवाने का कारण बनता है। कपड़ा क्षेत्र इस समस्या से बहुत प्रभावित था, जहां मानव निर्मित फाइबर पर 18 प्रतिशत, यार्न पर 12 प्रतिशत और तैयार कपड़े पर पांच प्रतिशत कर था। उर्वरकों को भी ऐसी विसंगतियों का सामना करना पड़ा, जिसमें कच्चे माल पर 18 प्रतिशत, लेकिन अंतिम उत्पादों पर पांच प्रतिशत कर लागू था। अब इन विसंगतियों को सुधारा गया है।

ट्रैक्टर और कृषि मशीनरी पर कर की दर को 12 से पांच प्रतिशत तक कम किया गया है, जिससे किसानों के लिए लागत घटेगी। नवीकरणीय ऊर्जा उपकरणों पांच प्रतिशत कर लगने से स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में कदमों को और मजबूती मिलेगी। एक महत्वपूर्ण सुधार संस्थागत स्तर पर भी है। जीएसटी प्रणाली की लंबे समय तक इसलिए आलोचना की गई कि उसमें राष्ट्रीय स्तर के उचित अपीलीय तंत्र का अभाव है। उद्यमों को अक्सर राज्यों के बीच असंगत निर्णयों का सामना करना पड़ा, जिसने अनिश्चितता को बढ़ाया। इस कड़ी में 2025 के अंत तक जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण यानी जीएसटैट को अमल में लाने का निर्णय महत्वपूर्ण है।

न्यायाधिकरण सितंबर से अपीलें स्वीकार करेगा और दिसंबर तक सुनवाई शुरू करेगा। जबकि बैकलाग यानी लंबित अपीलों के लिए जून 2026 की समयसीमा होगी। प्रिंसिपल बेंच भी अग्रिम निर्णयों के लिए राष्ट्रीय अपीलीय प्राधिकरण के रूप में कार्य करेगी, जिससे न्यायालयों के बीच स्थिरता बनेगी। यह संस्थागत सुधार विकास के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि पूर्वानुमानित विवाद समाधान निवेश जोखिम घटाता है।

# महिलाओं के सशक्तिकरण के क्षेत्र में मिसाल बन रहा बिहार

**डॉ. दर्शनी प्रिय**



बिहार अपनी बदली आबोहवा में नये प्रयोगों के जरिए नई पहचान बना रहा है। पिछले पंद्रह वर्षो के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासन में महिलाओं को केंद्र में रखकर ऐसी अनेक योजनाएं बनी जिसने इस सूबे की स्त्री हितैषी तस्वीर खींची, चाहे स्कूली लड़कियों को साइकिल देने की बात हो या शराबबंदी या अब मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना। इन सबमें कहीं-न-कहीं राज्य की एक कल्याणकारी तस्वीर प्रतिबिंबित होती रही। इसने सामाजिक और आर्थिक पिछड़ेपन के लिए बदनाम इस राज्य की तस्वीर बदल दी है।

आज स्थिति यह है कि यह महिलाओं के सशक्तिकरण के क्षेत्र में मिसाल बन रहा है। इसका श्रेय निश्चित रूप से सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरदर्शी नीतियों और उसके क्रियान्वयन को जाता है। साल 2005 से लेकर अब तक सरकार ने महिलाओं के प्रति किए अपने वादे के प्रति कटिबद्धता दिखाई है। महिलाओं को शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और राजनीतिक भागीदारी के क्षेत्र में मजबूत बनाने के इनके एजेंडे को भले ही शुरुआती दौर में थोड़ी आलोचनाएं झेलनी पड़ी हो, लेकिन धीरे ही सही अब वादे फलित हो रही है। यदि गहराई से इसकी पड़ताल करें तो सरकार की मौजूदा योजनाएं न केवल महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता सुनिश्चित कर रही है, बल्कि सामाजिक न्याय और लिंग समानता को भी बढ़ावा देती दिखती है। आधी आबादी की सलाहियत और हित को ध्यान में रखते हुए 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' जैसी पहल इस दिशा में एक नया अध्याय जोड़ रही हैं।

महिलाओं की प्रगति और विकास के लिहाज से इन योजनाओं की सिरे से पड़ताल भी जरूरी है। खासतौर से शिक्षा के क्षेत्र में इन योजनाओं से क्रांतिकारी बदलाव लाया है। 'मुख्यमंत्री बालिका साइकिल योजना' को एक ज्वलंत उदाहरण के तौर पर लिया जा सकता है। इस योजना की शुरु आत साल 2006 में तब हुई, जब सूबे में लड़कियों की स्कूल ड्रॉपआउट दर बहुत अधिक थी। योजना के तहत, कक्षा 9 में प्रवेश करने वाली हर लड़की को मुफ्त साइकिल प्रदान की गई, ताकि वे दूर-दराज के स्कूलों तक आसानी से पहुंच सकें। इसका परिणाम यह हुआ कि लड़कियों की नामांकन दर में 30 फीसद से अधिक की वृद्धि हुई। आज, लाखों लड़कियां इस योजना से लाभान्वित हो रही हैं।

इसी क्रम में, 'मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना' 2018 में शुरू की गई, जो लड़कियों को जन्म से स्नातक स्तर तक वित्तीय सहायता प्रदान करती है। योजना के अंतर्गत, जन्म पर दो हजार रु पये कक्षा एक से बारह तक विभिन्न राशियां, और स्नातक पर पच्चीस हजार रुपये दिए जाते हैं। इस योजना से अब तक करोड़ों रुपये वितरित हो चुके हैं, जिससे लड़कियों की शिक्षा दर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। सरकार ने महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता पर भी विशेष ध्यान दिया है। 'जीविका' (बिहार ग्रामीण आजीविका परियोजना) इसे साल 2007 में विश्व बैंक की सहायता से शुरू किया गया था जो महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से सशक्त बनाती है। इसका उद्देश्य गरीब ग्रामीण महिलाओं को वित्तीय सहायता, कौशल विकास और बाजार पहुंच प्रदान करना है।

योजना के अंतर्गत, महिलाओं को बैंक से लिंक किया जाता है, जहां वे बचत खाते खोलती हैं और सूक्ष्म ऋण प्राप्त करती हैं। आज, सवा आठ लाख से अधिक एसएचजी समूह बने हैं, जो 88 लाख परिवारों को कवर करते हैं। इन समूहों ने महिलाओं को कृषि, पशुपालन, हस्तशिल्प और छोटे उद्योगों में संलग्न किया है। जीविका दीदियां अब बैंकिंग कॉरेस्पॉन्डेंट के रूप में काम करती हैं और 'दीदी की रसोई' जैसी पहल से सरकारी संस्थानों में भोजन उपलब्ध कराती हैं। इस योजना का प्रभाव इतना गहरा है कि गुजरात और कर्नाटक जैसे राज्य इसे अपना रहे हैं।

जीविका ने महिलाओं की आय में पचास प्रतिशत तक वृद्धि की है और उन्हें निर्णय लेने की क्षमता प्रदान की है। अभी हाल ही में शुरू की गई 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' महिलाओं के लिए एक नई उम्मीद की किरण है। इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार शुरू करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है। योजना के तहत, हर परिवार से एक महिला को प्रारंभिक किस्त के रूप में दस हजार रुपये दिए जाते हैं, जिससे वे कोई छोटा व्यवसाय या रोजगार शुरू कर सकें। छह महीने बाद, सफल प्रदशर्न पर दो लाख तक की अतिरिक्त सहायता मिल सकती है। यह योजना विशेष रूप से ग्रामीण और शहरी महिलाओं को लक्षित करती है, जिनकी आय सीमा निर्धारित है।

विशेषज्ञों का मानना है कि इससे महिलाओं का आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण होगा। इसी दिशा में और भी कई ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं जिसने महिलाओं को विकास के लिहाज से मजबूती प्रदान की है। साल 2006 में पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं के लिए पचास प्रतिशत आरक्षण लागू किया गया, जिससे ग्रामीण स्तर पर महिलाओं की भागीदारी बढ़ी। इसी तरह, 2007 में नगर निकायों में भी पचास प्रतिशत आरक्षण दिया गया। साल 2016 में, सरकारी नौकरियों में पैंतीस प्रतिशत आरक्षण महिलाओं के लिए सुनिश्चित किया गया, जो पुलिस से लेकर प्रशासनिक पदों तक लागू है।

इसके अलावा, राज्य न्यायिक सेवाओं में पचास प्रतिशत आरक्षण की घोषणा की गई, जिसमें अत्यंत पिछड़े वगरे के लिए अतिरिक्त कोटा है। इन नीतियों से महिलाओं की राजनीतिक और प्रशासनिक भूमिका मजबूत हुई है। 'महिला थाना' योजना के तहत, हर जिले में महिलाओं के लिए विशेष पुलिस स्टेशन स्थापित किए गए हैं, जहां महिला पुलिसकर्मी तैनात हैं। पैंतीस प्रतिशत पुलिस भर्ती में महिलाओं का आरक्षण सुनिश्चित किया गया, और 'स्वाभिमान बटालियन' जैसी इकाइयां गठित की गई। इन योजनाओं का समग्र प्रभाव बिहार की महिलाओं की स्थिति में सकारात्मक बदलाव लाया है। निश्चित ही महिलाओं के हित में उठाए गए क्रांतिकारी कदम इस बात की तस्दीक करते हैं कि मौजूदा राज्य सरकार महिलाओं के विकास को लेकर उदार रवैया अपना रही है। एक कल्याणकारी राज्य की भूमिका में निश्चित ही बिहार भविष्य में एक उदारवादी सूबा साबित होगा, इसकी अपेक्षा है।

## विचार सरिता

# पास-पड़ोस में : तैयारी फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता की

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



कवि कुमार गणेश पक्ष में पूरे दस दिनों तक व्यस्त रहे। प्रथम पूज्य भगवान गणेशजी की मूर्ति की मोहल्ले में स्थापना की गई थी। सुबह शाम आरती, प्रसाद वितरण और सांध्य सभा का आयोजन 7 इसमें कभी गायन प्रतियोगिता होती, कभी नृत्य की तो कभी सामान्य ज्ञान प्रश्नों की तो कभी और कुछ। पूरे मोहल्ले में उत्सव का वातावरण था। कवि कुमार इन सब में शामिल होने का प्रयत्न करते। हँसी-खुशी और उल्लास लिए लोगों के जुटने से एक अलग ही भावना सृजित होती है। लोग भक्ति भाव के साथ इन आयोजनों में सहभागिता करते हैं। कभी-कभी कार्यक्रमों का फिल्मीकरण और डिजीटलीकरण करने से विचित्र स्थितियाँ भी उत्पन्न हो जाती हैं। कभी-कभी लोगों का अति उत्साह और अपनी भावनाओं पर नियंत्रण न कर पाना भी अटपटी स्थिति निर्मित कर देता है। इस पर अगर वाद-विवाद की स्थिति बन जाए तो बात बिगड़ने का भी अंदेशा होता है।

आज व्हाट्सएप ग्रुप में मोहल्ले के बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस स्पर्धा की सूचना आई। इस पर तुरंत प्रतिक्रिया भी सामने आई।

''क्या ऐसे आयोजन में फैंसी ड्रेस शामिल करना सही होगा?'' एक व्यक्ति ने पूछा।

''क्यों नहीं? यह भी एक कला है, परिधान हमारी सभ्यता और संस्कृति से जुड़े हैं।'' इतिहास के एक शिक्षक ने ग्रुप में लिखा।''

''मगर यह तय होना आवश्यक है कि बच्चे कैसी ड्रेस में किन किरदारों की वेशभूषा धारण कर सकते हैं?'' अपने बच्चे की सफलता को लेकर आत्मविश्वास से भरी एक मम्मी ने पूछा।

''कोई भी किरदार, चाहे वह राजनीति का हो, खेल का हो, सिनेमा, स्वतंत्रता सेनानियों से लेकर प्रसिद्ध हस्तियों तक किसी की भी वेशभूषा धारण की जा सकती है।'' आयोजन समिति के एक सदस्य ने लिखा। फूहड़ता और अपसंस्कृति के विरुद्ध अभियान चलाने वाले एक सज्जन ने लिखा,

''बच्चे ही सही, अगर किसी ने फिल्मी नायक-नायिकाओं की कोई अटपटी ड्रेस धारण कर दी और वैसा ही कोई डायलॉग बोल दिया, तो क्या होगा?''

विचारों में खुलापन और उन्मुक्तता का समर्थन करने वाले एक व्यक्ति ने लिखा, ''इसमें हर्ज क्या है? इस पर प्रतिबंध लगाने से टैलेंट भी उभर नहीं पाएगा। यह भी तो एक कला है।''

मोहल्ले की युवतियां क्यों पीछे रहतीं? उन्होंने लिखा, ''यह आयोजन हम युवाओं के लिए भी होना चाहिए।''

स्थिति नियंत्रण से बाहर जाते देखकर मोहल्ले में अति सम्मानित कवि कुमार ने लिखा,

''मेरी दृष्टि में इस आयोजन को बच्चों तक ही सीमित रहने देना उचित है। वे सकारात्मक किरदारों की वेशभूषा धारण करें और कुछ नायक नायिकाओं के फूहड़ पहनावे को इस आयोजन का हिस्सा नहीं बनने देना चाहिए। संवाद भी गरिमापूर्ण होना चाहिए।''

कवि जी की बात तुरंत अनुमोदित हो गई और सभी आज शाम के इस आयोजन की तैयारियों में जुट गए।

## कविता

### ||हमर गांव सरग कस||

हमर गांव सरग कस छांव हवे,
सब मे अपनत्व के भाव हवे।
वो भूखे कइसे जा सकथे
इंहा आने वाला,
पानी-पसिया के ओखर
ठहराव हवे।
हमर गांव.............,
सगा ल इंहा भगवान माने जाथे,
सब्बै ल अपन चिन्हान माने जाथे।
गांव के खपरा छानी, अब होगे पक्का मकान,
पढ़े-लिखे मनखे ल सुजान मानें जाथे।
आत्मनिर्भरता ले सबके थिरभाव हवे।।
हमर गांव.....................,
तरिया, नदिया, कुंआ में पानी हवे लबालब,
खेत-खार, डोंगरी पहाड़ दिखथे
हरियर सब।
बेरोजगारी के नाव इंहा नइहे कोइ लेवइया,
लूवत हे दूहरी फसल, हाथों सब खबाखब।
सड़क, स्कूल, पंचायत,इलाज
के सब निरभाव हवे,।।

हमर गांव...........,
रंग-रंग के गहना-गूंटा
पहिने नारी परानी
कोठी डोली छलके,
छाहित हे लक्ष्मी महरानी।
चारों मुड़ा राम-राम, पैलगी के होथे गुंजार,
मीठ भाखा लगथे जइसे अमरित कस बानी।
चिरई चिरगुन के चिंव-चिंव
कौआ के कांव-कांव हवे।।
हमर गांव..................
आदिवासी-मूल निवासी सब्बो
अंग्रेजी झाड़त हे।
शिक्षित होगे गांव त
कोई टूरी मन नइ माड़त हे,
आधुनिकता के संग संस्कार
के घलो इंहे शिक्षा हे,
भले गवंइया हे, फेर ज्ञान-गुन इंखर बाढ़त हे।

न कोन्हो संग आंटी के आंटा
अउ न कोई अलगाव हवे।।
हमर गांव...................
पुलिस-दरोगा, थाना-कचहरी
ले दूरिहा से लोगन मन,
बड़े-बड़े समस्या ल सुलझा लेथे
बइठ के अपन।
सच्चा फैसला होथे जइसे
पंच-परमेश्वर सरीख
काखरो एको बिगड़े नही
अउ उल्टा उंखर जाथे बन।
सब्बो ले आत्मीयता बने हे
न कोन्हो ले दुराव हवे ।।
हमर गांव सरग कस छांव हवे,
सब ले अपनत्व के
भाव हवे हमर गांव....



**मानसिंह 'मौलिक'**
**महामाया चौक,**
**बसंतपुर राजनांदगांव**

## सामयिक कहानी

### खाद्य-चीजों में मिलावट पाप है

अखबार पढ़कर
बानी बोले- ''सुनिए गजाधर!
आज खाने की चीजों में
मिलावट की खबर -
पितृ पक्ष में काफी महत्व रखती है
काली उड़द की दाल
तो पैसा कमाने के लिए व्यापारी
क्या तरकीबें कर रहे हैं,
जानिए उसका हाल -
बाजार में उड़द दाल में मिले
काले रंग से जन स्वास्थ्य को
खतरा हो सकता है।
पत्रकार का यह ठीक कहना है
खाद्य सुरक्षा अधिकारी
इसका सेम्पल लेकर जॉच के लिए
राज्य प्रयोगशाला में भेजे
तो वास्तविकता का
पता लग सकता है।
गजाधर! इस पर
आपका मन क्या कहता है?''
गजाधर बोले गंभीर होकर -
''उड़द दाल में खतरनाक
काले रंग की मिलावट मिलने पर
खाद्य सुरक्षा अधिकारी को
इसे गंभीरता से लेना चाहिए
और मिलावट खोर व्यापारी को
अधिक से अधिक दण्ड देना चाहिए।
हम तो खाने-पीने की चीजों में
मिलावट को 'पाप' समझते हैं यार!
इसलिए खाद्य विभाग को
रहना चाहिए, खूब ईमानदार!



**गिरीश बख्शी**

## कविता


### पीतर देवता ल नेवता

बड़े फजर कऊवा ह, नरियावत हावे छानी।
बहु बेटा देवत हावे, पूरखा मन ल पानी।
पन्दरा दिन बर आथे, पीतर पाख के पारी।
घरो घर चुरत हावे, बरा भजिया सोहारी।
तोरई बरबटी अऊ संग म मही डार के पपीता,
नेवता पाके आय हे, जम्मो पीतर देवता।।
तरिया नदिया म जाके, सब करत हे तरपन।
तन मन ले सुमर के, सरधा भाव समरपन।
पुरखा के सुरता करके, करत हावे सनमान।
पीतर देव के महिमा बताथे, बेद अऊ पुरान।
कऊवा ल मानथे कहिके, झन करव फदिता,
नेवता पाके आये हे, जम्मो पीतर देवता।।
अड़हा पाख म पीतर देव, धरती म आथे।
मान करईया परिवार ह, उकरेख आशिष पाथे।
सुख समरिद्धि के बरदान देथे, अपन कुटुम्ब परिवार ल।
झन भुलव कभु तुमन, दाई दादा के दुलार ल।
कका, बबा, दाई, ददा के रिहिस सदा नाता,
नेवता पाके आये हे, जम्मो पीतर देवता।।
पुरखा मन के तुमन, पावत राहो आसिष।
खुदे मानव अऊ लाईका ल, देवत राहो सीख।
पहिली गुरू हे दाई ददा, देईस हमला ज्ञान।
माता पिता अऊ गुरू ल, सऊहत माने हे भगवान।
ईकर मन के अपमान करे ले, पाप के परथे लबेदा
नेवता पाके आये हे, जम्मो पीतर देवता।।



**आनंदराम सार्वा (अनंत)**
**कु.बो.भाठागांव**

## राशिफल




**मेष**

आज का दिन आपके लिए ठीक ठाक रहेगा। आज आप किसी भी काम को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करेंगे, तो आपको सफलता अवश्य मिलेगी। आज ऑफिस में आपकी बेहतरीन कार्य प्रणाली से कंपनी को फायदा होगा। आज दांपत्य जीवन सुखद और मधुरता से भरा रहेगा। आज नजदीकी लोगों के साथ मेल मुलाकात और मनोरंजन से जुड़े कामों में खुशनुमा समय बितेगा।



**वृष राशि**

आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आप रोजगार में नए अवसर तलाश करेंगे, जो आपकी तरक्की की राह आसान करेंगे। आज आपके परिवार में किसी खास व्यक्ति के आगमन से हर्षोल्लास का माहौल बना रहेगा। आज आप बिजनेस में लेन - देन बहुत सोच-विचार कर करेंगे, तो आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपको धन लाभ कमाने के बेहतरीन अवसर प्राप्त होंगे।




**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज आपको व्यापार में धन लाभ होगा, लेकिन आपके खर्चे भी बढ़ेंगे। आज आपको अपने प्रयासों और परिश्रम के उचित परिणाम हासिल होंगे, जिससे आपका आत्मविश्वास मजबूत होगा । इस राशि के नौकरी में कार्यरत व्यक्तियों को आज ऑफिस में थोड़ा ज्यादा काम करना पड़ेगा, जिससे आपको शारीरिक थकान का अहसास हो सकता है।



**कर्क**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप व्यापार के अटके मामलों को सुलझाने में सफल रहेंगे। आज आपके व्यावसायिक रिश्ते मजबूत बनेंगे, जिनका लाभ आपको जल्द ही मिलेगा। आज आपके दाम्पत्य जीवन में सामंजस्य बना रहेगा, आपको किसी रिश्तेदार के माध्यम से खुशखबरी प्राप्त होगी। आज आप माता पिता के साथ धार्मिक कार्यों में लगे रहेंगें।



**सिंह**

आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आज आप किसी नए काम की शुरुआत करने जा रहें हैं, तो पहले आप गुरु और घर के बड़े सदस्यों का आशीर्वाद अवश्य ले लें। आज आपके निजी जीवन में चल रही समस्याएं दूर होगीं, आप जीवनसाथी के साथ बाहर घूमने का प्लान भी बना सकते हैं। आज पेंडिंग कार्यो को निपटाने के लिए अच्छा दिन है।



**कन्या**

आज का दिन आपके लिये उत्तम बना रहेगा। आज आप अपने कारोबार सम्बन्धी नियमों में कुछ बदलाव कर सकते हैं, जो आपको लॉन्ग टर्म बेनिफिट देंगे। आज आप परिवार के सदस्यों की सुविधा के लिए महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं, जिसमें सबकी सहमती भी होगी। आज आपकी योग्यता और काबिलियत की समाज और रिश्तेदारों के बीच सराहना होगी।




**तुला**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपको मेहनत का फल अवश्य मिलेगा, जिससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। आज अपने व्यक्तिगत जीवन से जुड़ा फैसला लेने का अनुकूल समय है। इस राशि के सामाजिक कार्यों में कार्यरत व्यक्ति आज आर्थिक रूप से पिछड़े और अशिक्षित लोंगो की मदद करेंगे, जिससे उनका जीवन भी थोड़ा सरल बनेगा।



**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आप अपने व्यवसाय और अपने संपर्क को बढ़ाने पर जोर देंगे यह आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। आज आपको समस्या का समाधान मिल जाने से मानसिक रूप से बहुत ही सुकून और राहत मिलेगी। आज स्कूल में होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा, आप उसमें अच्छा प्रदर्शन करेंगे।



**धनु**

आज का दिन आपके लिए ठीक ठाक रहने वाला है। आज आप अपनी दिनचर्या को सुव्यवस्तिथि रखकर, काम को आसान बना लेंगे। आज किसी विशेष काम को लेकर किए गए प्रयासों के आज अच्छे परिणाम मिलने वाले हैं। आज आपका मार्केट में अटका हुआ पैसा वापस मिलेगा , जिसका उपयोग आप निजी कार्यो में कर सकते हैं।



**मकर**

आज का दिन आपके लिए मिला जुला रहेगा। आज आप बिजनेस में बड़ी डील फ़ाइनल करने से पहले उस पर अच्छे से विचार कर लें। आज आप किसी समस्या को लेकर जीवनसाथी से बात कर सकतें हैं और उनके सहयोग से समस्या को ख़त्म करने में आप सफल भी होंगे। आज आपका मन आध्यात्मिक कार्यों में लगेगा और आप आध्यात्मिक पुस्तकें भी पढ़ सकतें हैं।



**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप अपनी योजनाओं को सकुशल आगे बढ़ाएंगे, जिससे बहुत जल्द ही आपको तरक्की मिलेगी। आज आपको आय के अनेक स्त्रोत मिलेंगे, जिससे आप अपने पारिवारिक जरूरतों को पूरा करने में सफल रहेंगे। इस राशि की महिलाएं घर से ही किसी काम की शुरुआत कर सकती हैं , जिसमें आपको बढ़िया धन लाभ होगा।



**मीन**

आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपको व्यापार में अच्छा लाभ होगा और आपके क्लाइंट के साथ रिश्ते भी मजबूत बनेंगे। आज आप कार्यस्थल पर सभी जिम्मेदारियां खुद की निगरानी में ही पूरी करने की कोशिश करेंगे, जिससे सब सही समय पर कम्पलीट हो जायेगा। आज आपकी शारीरिक समस्या दूर होगी ,आपको बहुत हल्का और अच्छा फील होगा।

# छुरिया ब्लॉक में विशाल स्वास्थ्य शिविर में 1932 मरीज हुए लाभान्वित

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन के निर्देशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र-छुरिया मे रजत जयंती वर्ष 2025-26 के अवसर पर विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजन किया गया। जिसमें रक्तदान एवं अंगदान भी किया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. उमेश भगत की मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम शुरू किया गया। जो कि पूरे ब्लॉक में हलचल पैदा कर दिया। जनपद पंचायत भवन में यह शिविर रखा गया। इस अवसर पर जिला अस्पताल से डॉ. तुलावी, डॉ. महाकालकर, डॉ. भानुप्रिया, डॉ. डी.के. बनर्जी, डॉ. के.एस. मंडावी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुरिया से डॉ. डिम्पल खोबरागढ़े, डॉ. विजय देवांगन, डॉ. टिकेश्वर वर्मा, डॉ. प्रकाश साहू, डॉ. वर्षा नागवंशी, डॉ. हेमलता वर्मा व समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत अथिति श्रीमती किरण रविंद्र वैष्णव अध्यक्ष जिला पंचायत राजनांदगांव, श्रीमती बीरम मंडावी सभापति जिला पंचायत राजनांदगांव, संजय सिन्हा अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया, प्रशांत ठाकुर उपाध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया, अजय पटेल अध्यक्ष नगर पंचायत छुरिया, भूषण साहू उपाध्यक्ष नगर पंचायत छुरिया द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी के चलचित्र में दीप प्रज्वलित कर, स्कूली छात्राओं द्वारा राज्य गीत गाकर की गई।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए जीवराखन साहू सुपरवाइजर द्वारा बताया गया कि छग शासन द्वारा रजत जयंती वर्ष 2025-26 महोत्सव मनाया जा रहा है। उसी कड़ी में आज का विशाल



निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। स्वास्थ्य विभाग में इस पूरे माह समग्र बाल नेत्र सुरक्षा कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है। 25 अगस्त से 8 सितंबर तक प्रत्येक वर्ष नेत्रदान महादान पखवाड़ा पूरे प्रदेश में मनाया जाता है। मुकेश कुमार साहू नेत्र सहायक अधिकारी ने बताया कि शिविर में भारी उत्साह देखने को मिला और ज्यादा संख्या में लोग आए। जनपद पंचायत भवन छुरिया मेले के सामान दिखाई दे रहा था। भीड़ को देखते हुए पंजीयन के लिए 5 काउंटर बनाया गया था। 1932 मरीज का जांच और उपचार किया गया। बीपी शुगर मरीज 413, शिशु रोग जांच 139, अस्ति रोग 13, स्त्री रोग 289, नेत्र जांच 196, सामान्य बीमारी जांच 1378, चर्म रोग जांच 128, नाक कान गला रोग 98, एचआईवी जांच 117, हीमोग्लोबिन जांच 181 हुए।

### आकर्षण का केंद्र रहा मच्छरदानी और सेनेटरी पेड वितरण

भुवन लाल चौरे बी.टी.इ.ओ. ने कहां की शिविर में सबसे ज्यादा भीड़ अगर कहीं पर देखा गया तो निः शुल्क मच्छरदानी वितरण, सेनेटरी पेड और चश्मा वितरण की जगहों पर रहा। मच्छरदानी 400, सेनेटरी पेड 235, प्रेस बायोपिक चश्मा 61 लोगों को दिया गया। महिला बाल विकास द्वारा मां और बच्चे की पोषण आहार की कमी को दूर करने के लिए प्रोटीन पाउडर वितरण की तारीफ हुई। मां और बच्चे के खान-पान के बारे में भी सुपरवाइजर और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। लगभग 100 आंगनबाड़ी के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

### 151 लोगों ने नेत्रदान का लिया संकल्प

टिकेश्वर साहू आर.एच.ओ. ने बताया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुरिया में 1932 मरीजों का जांच व उपचार किया गया। जिसमें 151 लोगों ने नेत्रदान संकल्प पत्र भरा। 17 लोगों ने रक्तदान किया। 17 लोगों के रक्तदान करने के पश्चात उन्हें जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रशस्ति पत्र भी दिया गया। 124 आयुष्मान कार्ड पंजीयन हुए। लोगों ने इस शिविर में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और सरकारी योजना का लाभ लिया। कार्यक्रम में आर.एम.ए. नूतन भवानी देवांगन, रोशन मंडलोई, नेत्र सहायक अधिकारी विजय मेश्राम, नयन पटेल, संजीव यादव, देवेंद्र साहू, नवीन मेश्राम, सुपरवाइजर के.के. सिन्हा, कबिलास कुंजाम, नारायण सिंह, प्रीतराम मंडावी, बसंत यादव, सुरेशपुरी गोस्वामी, कृष्ण कुमार सिन्हा, मनोज कुमार सिन्हा, समस्त फील्ड एवं सीएससी. स्टाफ, महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, मितानिन, गणमान्य व्यक्ति, मरीज और स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने खैरागढ़ में किए गणपति बप्पा के दर्शन



खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने हाल ही में अपने राजनांदगांव प्रवास के दौरान खैरागढ़ में भव्य गणेश उत्सव में भाग लिया। कबीरधाम से राजनांदगांव जाते समय शनिवार की रात वे खैरागढ़ पहुँचे। जहाँ उन्होंने गणपति बप्पा के दर्शन किए और पूरे प्रदेश की सुख-शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर, उपमुख्यमंत्री ने कहा कि गणेशोत्सव सिर्फ एक धार्मिक त्योहार नहीं है, बल्कि यह सामाजिक समरसता और भारतीय संस्कृति की गहरी आस्था का प्रतीक है। उन्होंने उम्मीद जताई कि गणपति बप्पा अपनी कृपा सभी पर बनाए रखेंगे और हर घर में सुख-समृद्धि लाएंगे।

खैरागढ़ पहुंचने पर उपमुख्यमंत्री का जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने ज़ोरदार स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, गणेश उत्सव समिति के पदाधिकारी और अन्य नेता मौजूद थे, जिनमें घम्मन साहू, टी.के. चंदेल, गिरजा चंद्राकर और कई अन्य प्रमुख व्यक्ति शामिल थे।

अपने संबोधन में विजय शर्मा ने कहा कि गणेशोत्सव जैसे पर्व हमारी अमूल्य धरोहर हैं, जो समाज को एकजुट करते हैं और हमारी अगली पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इन त्योहारों का सही संदेश प्रदेश की खुशहाली, नागरिकों की उन्नति और समाज में भाईचारे को बढ़ावा देना है।

## पहला कॉलम...

# नगर साहू समाज लाल बहादुर नगर का चुनाव संपन्न



डोंगरगढ़ (दावा)। नगर साहू समाज लाल बहादुर नगर का चुनाव संपन्न। बैठक में सर्वसम्मति से सोहन साहू को अध्यक्ष एवं खेदू साहू को सचिव का दायित्व दिया गया।उपाध्यक्ष जीवरकान साहू संगठन सचिव लोकेश साहू कोषाध्यक्ष कन्हैया साहू सभी को सर्वसम्मति से ग्रामीण साहू समाज लाल बहादुर नगर द्वारा मनोनीत किया गया।

चुनाव प्रक्रिया में जिला साहू संघ के कोषाध्यक्ष नोबल साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहू, मंडल अध्यक्ष पवित साहू, सचिव राजकमल साहू, कोषाध्यक्ष सोमनारायण साहू, ग्रामीण अध्यक्ष भूमेश साहू, सचिव हेमंत साहू, दिगंबर साहू, प्रीतम साहू, हुकुमचंद साहू, मृगलाल साहू, रामजी साहू, छविधर साहू, सुनील साहू, मंगलू साहू, टिकेश्वर साहू, रूपराम साहू, देवादास साहू, भूखन साहू, विनोद साहू सहित सभी सामाजिकजन उपस्थित रहे।

# ग्राम भंसुला की भूमिका वैष्णव का नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में चयन



अंबागढ़ चौकी (दावा)। अंबागढ़ चौकी विकासखंड अंतर्गत ग्राम भंसुला की कु. भूमिका वैष्णव पिता शिवकुमार वैष्णव का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में हुआ है। कु. भूमिका वर्ष 2023 में कक्षा 5वीं की छात्रा रहते हुए शासकीय प्राथमिक शाला भंसुला में अध्ययनरत थी। उसी दौरान भूमिका ने नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में भाग लिया था। उस समय भूमिका का नाम प्रतीक्षा सूची में शामिल था। लगभग दो वर्ष बाद आखिरकार उनका चयन सुनिश्चित हुआ। इस सफलता से ग्राम में हर्ष का माहौल है। परिवारजन एवं समस्त ग्रामवासियों ने प्राथमिक शाला भंसुला के शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया है। साथ ही टेकन सिंह जंघेल, सहायक शिक्षक,के प्रति विशेष धन्यवाद प्रकट किया गया है, जिनके मार्गदर्शन और अथक प्रयासों से बच्ची ने यह उपलब्धि हासिल की है।

# बेलगांव स्कूल के छात्र करण का चयन राज्य स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता में



डोंगरगढ़/बेलगांव (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बेलगांव में अध्यनरत 12वीं विज्ञान के छात्र करण ठाकुर का चयन 25वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय शालेय कीड़ा प्रतियोगिता की गतका विधा मैं हुआ है। यह एक सिख आर्ट है, यह क्रीडा एक युद्ध कला है। जिसमें हम अपनी आत्म रक्षा कर सकते हैं। यह प्रतियोगिता 9 से 12 सितंबर तक राजनांदगांव में संपन्न होनी है। छात्र करण ठाकुर के चयन से शाला विकास समिति अध्यक्ष योगेश साहू, गांव के सरपंच, प्राचार्य श्रीमती कालिंदी तिवारी, व्यापम शिक्षक तरुण कुमार वरकड़े स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं कुलेश्वर वर्मा, तुषार कंवर, प्रिंस साहू, दिगेश्वर वर्मा, गिरधर वर्मा, नम्रता वर्मा, पायल वर्मा, आरती कंवर, क्रीड़ा सचिव वेद कुमारी वर्मा सभी मित्रों एवं ग्रामीणों ने छात्र को बधाई दी है। उक्त जानकारी क्रीडा शिक्षक तरुण कुमार वर गड़े ने दी है।

# किसान स्कूल में विद्यार्थियों को मिला सायकल

डोंगरगांव (दावा)। ग्राम अर्जुनी के धनीराम साहू शासकीय किसान उच्चतर माध्यमिक शाला में सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत 26 बालिकाओं को निःशुल्क सायकल वितरण कर मुँह मीठा कराया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि किरण साहू जिला पंचायत उपाध्यक्ष, विजय जैन शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष, सरपंच ललिता साहू, नागेश धनकर उपसंरपंच, दिनेश साहू-पूर्व जपं उपाध्यक्ष, टामेश्वर साहू सांसद प्रतिनिधि, शिव कुमार, संजय सोनी, हीरालाल सोनकर, भैयालाल साहू, फेरुराम इंदौरिया, दुर्गेश सिन्हा, कमलेश गंजीर, प्राचार्य विभा पांडेय, शालिनी वैष्णव, उर्मिला ठाकुर, दीपिका दुबे, हरेंद्र बोरकर, मनीष गजभिये, रश्मि ध्रुव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में श्रीमती साहू के द्वारा विद्यार्थियों को छात्र जीवन में शिक्षा का महत्व, प्रतिदिन विद्यालय आने एवं अच्छे से पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया गया। उन्होंने विद्यालय हेतु 2 लाख रुपये देने की घोषणा की। वहीं श्री जैन ने विद्यालय के विकास हेतु सतत प्रयासरत रहने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन आर.के. नेताम तथा आभार प्रदर्शन आर.के. चौधरी ने किया।

# सेवा पखवाड़ा तैयारियों को लेकर कार्यशाला आयोजित



खैरागढ़ (दावा)। भाजपा द्वारा आगामी बुधवार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से प्रारंभ होकर महात्मा गांधी जयंती तक चलेगा। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ता स्वच्छता, स्वास्थ्य और सामाजिक सेवा के विविध कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इसी क्रम में सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय में सेवा पखवाड़ा को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रदेश भाजपा मंत्री अमित साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सेवा पखवाड़ा की रूपरेखा से अवगत कराते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डाला।

**प्रदेश भाजपा मंत्री अमित साहू ने दिया मार्गदर्शन**

अमित साहू ने कहा कि जन सेवा और राष्ट्रसेवा ही भाजपा का मूल मंत्र है। सेवा पखवाड़ा इसी उद्देश्य को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है।। कार्यकर्ता सेवा भाव से कार्यक्रमों में सहभागी बनें और आमजन के बीच पार्टी की सकारात्मक छवि प्रस्तुत करें। कार्यशाला में बताया गया कि सेवा पखवाड़ा के दौरान स्वच्छता अभियान, एक पेड़ माँ के नाम के तहत वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर, जनस्वास्थ्य शिविर, दिव्यांगजन एवं विशिष्ट नागरिकों का सम्मान, लोकल फॉर वोकल का प्रचार-प्रसार, प्रधानमंत्री मोदी के जीवन पर डॉक्युमेंट्री फिल्म प्रदर्शन, प्रबुद्ध वर्ग संवाद, खेलकूद प्रतियोगिताएं और चित्रकला प्रतियोगिता जैसे सेवा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान 25 सितम्बर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती प्रत्येक बूथ स्तर पर मनाने का निर्णय भी लिया गया।

कार्यशाला को जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह एवं पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने भी संबोधित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे सेवा कार्यक्रमों को गंभीरता से लें और समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का प्रयास करें। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. बिशेषर साहू, घम्मन साहू, टीके चंदेल, जीवन देवांगन, शशांक ताम्रकार, खम्हन ताम्रकार, अनिल अग्रवाल, गिरजा चंद्राकर, अरुणा बनाफर, दिनेश वर्मा, ललित चोपड़ा, पुष्पा वर्मा, शैलेन्द्र त्रिपाठी, आयश सिंह, विनय देवांगन, देवकुमार सेन, ललित सोनी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजपा के इस सेवा पखवाड़ा से जनसंपर्क मजबूत होने के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों को भी बल मिलेगा।

# डोंगरगांव के घुघवा और साल्हे गाँव में घुमंतू पशुओं के लिए अस्थाई गौशाला




डोंगरगांव (दावा)। डोंगरगांव के घुघवा और साल्हे गाँव के लोगों ने घूमते हुए गाय-बछड़ों की समस्या को हल करने के लिए एक सराहनीय कदम उठाया है। जहाँ प्रशासन इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकाल पाया। वहीं ग्रामीणों ने खुद एक अस्थायी गौशाला बना ली है। गांव वालों ने मिलकर एक सरकारी ज़मीन पर तार की जाली लगाकर घेरा बनाया है। शनिवार की शाम को उन्होंने उन सभी पशुओं को इस घेरे के अंदर रखा जो खुले में घूम रहे थे। इसके बाद, रविवार की सुबह दोनों गाँवों में मुनादी कराकर एक आम सभा बुलाई गई। आम सभा में उन पशुपालकों को दंडित किया गया जिनके मवेशी घेरे के अंदर पाए गए। उन्हें यह चेतावनी भी दी गई कि वे अपने पशुओं को खुला न छोड़ें। फसलों की सुरक्षा के लिए दोनों गाँवों से तीन-तीन लोगों की ड्यूटी भी लगाई गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कुछ दिनों पहले अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) और थाना प्रभारी डोंगरगांव को आवारा पशुओं के बारे में ज्ञापन सौंपा था, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। गांव वालों की माँग है कि सरकार को इस समस्या पर तुरंत ध्यान देना चाहिए, क्योंकि सड़क पर बैठे मवेशियों से दुर्घटनाएं और फसलों को नुकसान होने का खतरा बना रहता है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि गौ माता को बचाना भी हमारा नैतिक कर्तव्य है।

# एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल 22वें दिन पहुँची, रोटी-सम्मान-न्याय की गूंज



अंबागढ़ चौकी (दावा)। एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल सोमवार को 22वें दिन भी जारी रही। जिले के मोहलामानपुर धरना स्थल पर कर्मचारियों ने रोटी-सम्मान-न्याय गारंटी प्रदर्शन कर सरकार को जगाने का प्रयास किया।

कर्मचारी नेताओं ने कहा कि आंदोलन के 22 दिन बीत जाने के बाद भी सरकार ने उनकी 10 सूत्रीय मांगों पर कोई ठोस लिखित निर्णय नहीं लिया है। इसके चलते कर्मचारियों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। जिला अध्यक्ष संतोष चंदेल ने कहा कि सरकार जितना दमन करने की कोशिश कर रही है, कर्मचारी उतने ही जोश के साथ आंदोलन में डटे हुए हैं। उन्होंने बताया कि विभिन्न सामाजिक व कर्मचारी संगठनों का समर्थन अब आंदोलन को जनआंदोलन का स्वरूप देने लगा है। हमारी लड़ाई केवल नौकरी की सुरक्षा की नहीं, बल्कि सम्मान और सामाजिक न्याय की है।

कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि सत्ता में आने से पहले भाजपा ने एनएचएम कर्मचारियों के संविलियन की बात कही थी, लेकिन अब वादे पूरे नहीं हो रहे। संघ का कहना है कि सरकार ने अब तक तीन बार कमेटी बनाई, लेकिन रिपोर्ट कभी सामने नहीं आई। कर्मचारियों ने साफ शब्दों में कहा अब हमें आश्वासन नहीं, आदेश चाहिए।

### स्वास्थ्य कार्यक्रम ठप

आंदोलन का असर स्वास्थ्य सेवाओं पर भी पड़ रहा है। 4 सितंबर को संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ने कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम को अनिश्चितकाल तक स्थगित कर दिया। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि मांगें पूरी नहीं की गई तो आंदोलन रायपुर तक ले जाया जाएगा और उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

### कोरोनाकाल के योद्धा भूले गए

कर्मचारियों ने याद दिलाया कि कोरोना महामारी में उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर सेवाएं दी थी, लेकिन आज भी वे अल्प वेतन पर 20 सालों से काम कर रहे हैं। प्रदेश के 33 जिलों में 16 हजार से अधिक एनएचएम संविदा कर्मचारी हड़ताल में शामिल हैं। कर्मचारियों ने कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी का हवाला देते हुए सरकार से आर्थिक, सामाजिक और नौकरी की सुरक्षा की लिखित गारंटी की मांग कर रहे हैं।

# उपसरपंच पर सचिव को साजिश के तहत हटाने का आरोप

डोंगरगांव (दावा)। जनपद पंचायत डोंगरगांव के अधीनस्थ ग्राम पंचायत खपरीकला में उपसरपंच द्वारा मनमानी कर सचिव को हटाने साजिश का मामला सामने आया है। इस मामले में महिला सरपंच व कुछ पंचों को लेकर मनमानी करने वाले उपसरपंच द्वारा सचिव को हटाने साजिश करके जनपद व जिला में आवेदन दे दिया गया था। इससे नाराज अन्य पंचगण सहित गणमान्य ग्रामीणों में लामबंद होकर सचिव के समर्थन में जिला व जनपद पंचायत पहुंचकर ज्ञापन दिया है।

**सचिव के समर्थन में जिपं व जनपद पहुंचे पंचगण व ग्रामीण**

ग्राम पंचायत खपरीकला के ग्रामीणों की माने तो ग्राम पंचायत में गत सप्ताह पहले उपसरपंच ने महिला सरपंच व कुछ पंचो के हस्ताक्षर लेकर पंचायत से बिना प्रस्ताव के जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत डोंगरगांव में आवेदन देकर सचिव को पंचायत से हटाने की मांग की थी। आवेदन में उपसरपंच द्वारा सचिव को ग्राम पंचायत में नहीं बैठने, पंचायत के कार्यो को बिना सरपंच के सहमति से करने जैसे आरोप लगाकर हटाने की साजिश किया गया है। इधर सचिव के समर्थन में पंचगण हीरालाल नारंग, ललेश्वरी खुटेल, सोनू बाई, मीरा वर्मा, हिमा साहू, ममता साहू सहित अन्य ने बताया कि सचिव रामदुलार साहू बिना पंचायत प्रस्ताव के कोई भी कार्य नहीं करता है। सरपंच सहित पंचो के अलावा गांव के गणमान्यजनों को भी साथ लेकर ही कार्य करता है। हालांकि अस्वस्थ होने के कारण निजी अस्पताल में भर्ती थे, तब वे जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत डोंगरगाव में सूचना देकर अवकाश पर थे।

### स्वार्थवश साजिश कर रहे उपसरपंच

आश्रित ग्राम झिटिया के ग्रामीणों ने जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत में ज्ञापन सौंपकर अधिकारी को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराते हुए बताया है कि ग्राम पंचायत के उपसरपंच द्वारा द्वेष की भावना से सचिव पर निराधार आरोप लगाया गया है। जबकि सचिव द्वारा गांव के विकास के लिए अनेक कार्य किये गए है। जिसमें सीसी रोड़, नाली, आम्बेडकर भवन, सामुदायिक भवन, मंच, पानी टंकी, पाइप लाइन विस्तार, जैतखाम चबूतरा सहित अनेक कार्य ऐसे है। जिसके लिए उन्होंने अथक प्रयास किया है। फिर भी उपसरपंच सहित कुछ लोगों द्वारा अपने स्वार्थ के लिए सचिव पर गलत आरोप लगा रहे हैं।

# सेवा पखवाड़ा मनाने जिला स्तरीय भाजपा की कार्यशाला संपन्न

अंबागढ़ चौकी (दावा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन को लेकर भाजपा की ओर से सेवा पखवाड़े का आयोजन किया गया है। 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक सेवा पखवाड़े में विभिन्न कार्यक्रम होंने तय है। बूथ से लेकर प्रदेश स्तर में कार्यक्रम होंगे। मंगलवार 9 सितंबर को मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी के गंधर्व भवन में जिला स्तरीय सेवा पखवाड़ा के संदर्भ में कार्यशाला आयोजित की गई है। जिसमे मुख्य वक्ता विक्रांत सिंह जिला पंचायत उपाध्यक्ष (पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष खैरागढ़) उपस्थित रहे। जिन्होंने सेवा पखवाड़ा के कार्यक्रमों की पूर्ण रूप रेखा बताई। 17 सितंबर को जिला स्तर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें रक्तदान करना, रजिस्ट्रेशन कराना और संकल्प लेना शामिल होगा। इसके अलावा बूथ स्तर पर स्वच्छता अभियान भी आयोजित किया जाएगा। 17 से 24 सितंबर तक पीएचसी, सीएचसी आरोग्य मंदिर स्तर पर स्वास्थ्य शिविर में जनसहभागिता के लिए योजना बनाई जाएगी। 17 सितंबर को सामुदायिक केंद्रों पर प्रधानमंत्री का लाइव सम्बोधन सुना जाएगा। 17 सितंबर से दो अक्तूबर तक प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। 18 सितंबर से 2 अक्तूबर तक 5 मंडल स्तर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। 19 से 21 सितंबर तक जिला स्तर पर प्रबुद्ध संवाद, डॉक्युमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन और प्रधानमंत्री पर आधारित पुस्तकों का वितरण किया जाएगा। 25 सितंबर को जिला स्तर पर संगोष्ठी का



**जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने बताई रुपरेखा**

आयोजन किया जाएगा। 27 और 28 सितंबर को प्रदेश स्तर पर प्रदेश के विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान और जिला स्तर पर दिव्यंगों को उपकरण वितरण किया जाएगा। 2 अक्तूबर को स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जाएगा। खादी वस्तुओं की खरीदी को लेकर प्रोत्साहन भी किया जाएगा। साथ ही सभी पदाधिकारियों एवं समस्त भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि सभी इस पखवाड़े के कार्यक्रमों में अपनी उपस्थिति के साथ योगदान देवे तथा अपने जिलेवासियों को भी इस पखवाड़े से संबंधित कार्यक्रमों की जानकारी पहुंचाए। जिला अध्यक्ष दिलीप वर्मा जी ने संवाद के दौरान कहा कि यह सेवा पखवाड़ा कार्यकर्ताओं को जनता से जोड़ने का बड़ा माध्यम बनेगा। श्री वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जो अपने जन्म दिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा अभियान चलवाते हैं। इस अभियान के माध्यम से आम जनमानस को अपने जन्मदिवस पर कोई सेवा कार्य करने का अवसर प्राप्त होता है। सेवा पखवाड़ा के दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वर्मा ने कहा कि भाजपा की बैठक यह स्पष्ट करेगी कि संगठन की जड़ें जमीन से जुड़ी हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति से ही आने वाले चुनावों में ऐतिहासिक विजय मिलेगी। भाजपा का लक्ष्य स्पष्ट है, संगठन, सेवा और समर्पण के साथ आगे बढ़ना।

इस अवसर पर विक्रांत सिंह जिला पंचायत उपाध्यक्ष, जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के जिला अध्यक्ष दिलीप वर्मा, नम्रता सिंह जिला पंचायत अध्यक्षा, मदन साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष, भोजेश शाह जिला पंचाय उपाध्यक्ष, संजीव शाह पूर्व संसदीय सचिव, अनिल गुप्ता जिला महामंत्री, नरसिंह भंडारी जिला महामंत्री, कमलेश सारस्वत जिला महिला मोर्चा अध्यक्षा, जिला उपाध्यक्ष राजकिशोर खंडेलवाल, जिला कोषाध्यक्ष राजेश जैन गुजराती, राजेश सिंघी जिला प्रवक्ता एवं सेवा पखवाड़े की जिला स्तरीय समिति, मंडल स्तरीय समिति के संयोजक, सभी मंडल अध्यक्ष, महामंत्रीगण, समस्त जिला पंचायत सदस्य, नगर पंचायत के पार्षदगण एवं जिले के प्रमुख नेतागण उपस्थित रहे। अंत में विक्रांत सिंह ने सभी को आने वाले त्यौहारों की बधाई देते हुए इस कार्यशाला के आयोजन के लिए बधाई दी।

# विगत 2 वर्षो से स्वीकृत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को प्रारंभ करने स्वास्थ्य मंत्री से मिली जिला पंचायत सदस्य मंडावी



डोंगरगढ़ (दावा)। श्रीमती अनिता मंडावी सभापति जिला पंचायत राजनंदगांव द्वारा राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज में सिटी स्किन मशीन का उद्घाटन समारोह में पहुंचे श्याम बिहारी जयसवाल स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री से सौजन्य मुलाकात कर बोरतलाव में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का संचालन प्रारंभ करने की मांग की।

श्रीमती मांडवी ने स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल को बताया कि बोरतालाब हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्वीकृति विगत 2 वर्ष पूर्व से मिल चुकी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का संचालन भवन के अभाव में आज तक नहीं हो पाया है। इस पर स्वास्थ्य मंत्री द्वारा आश्वासन दिया गया है कि आने वाले बजट में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोरतलाव भवन निर्माण के लिए स्वीकृत किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता अरविंद नंदेश्वर, उपकार सिंह ठाकुर, शिव प्रसाद बल्हारे आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# इतिहास विभाग में परिषद का गठन, आयुष बने अध्यक्ष



डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में 8 सितंबर, सोमवार को इतिहास परिषद का गठन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण कर किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना का गायन भी प्रस्तुत किया गया।परिषद के पदाधिकारियों के रूप में अध्यक्ष आयुष सहारे, उपाध्यक्ष छबिधर साहू, सचिव कु. स्रुति धामगाए, सहसचिव धनुलाल, कोषाध्यक्ष रजनीश मेश्राम तथा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में कु. हसीना कंवर, कु. अमृता सहारे और कु. शिवानी सिन्हा का मनोनयन किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ई. व्ही. रेवती, इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. श्रीमती आशा चौधरी एवं अतिथि व्याख्याता एवलाल मेश्राम उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. रेवती ने परिषद पदाधिकारियों की घोषणा करते हुए विद्यार्थियों को विभाग एवं महाविद्यालय के प्रति समर्पित होकर कार्य करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि असफलता ही सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है, इसलिए छात्र-छात्राएं पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लें और अपनी दिनचर्या को योग के साथ व्यवस्थित करें।

# ग्राम इंदामरा में बार-बार बिजली गुल, ग्रामीण बेहाल



राजनांदगांव (दावा)। ग्राम इंदामरा इन दिनों बिजली गुल की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। दिन में कई बार घंटों तक बिजली बंद हो जाने से गांव के नागरिकों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। घरेलू कार्य, छात्रों की पढ़ाई, किसानों के मोटर पंप से सिंचाई कार्य, दुकानदारों का व्यवसाय–सब पर इसका असर पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जैसे ही बिजली बंद होती है, वे इसकी सूचना देने के लिए विभागीय अधिकारियों को फोन करते हैं, लेकिन अधिकारी फोन तक नहीं उठाते। इससे लोगों में गहरा आक्रोश है। नागरिकों का कहना है कि यह समस्या लंबे समय से चली आ रही है, लेकिन विभाग की ओर से कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही।

## ज्ञापन सौंपा गया कलेक्टर को

ग्राम के युवा कांग्रेस नेता परमानंद वर्मा ने इस गंभीर समस्या को लेकर कलेक्टर महोदय को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि ग्राम इंदामरा के लोग दिन-प्रतिदिन बिजली कटौती और अव्यवस्था से त्रस्त हैं। बिजली की अनियमित आपूर्ति से न केवल बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, बल्कि गर्मी के दिनों में लोगों का जीना दूभर हो गया है। ज्ञापन में यह भी मांग की गई है कि गांव की बिजली व्यवस्था को तुरंत सुधारकर नियमित किया जाए और लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाए।

## आंदोलन की चेतावनी

परमानंद वर्मा ने कहा कि अगर इस समस्या का समाधान शीघ्र नहीं किया गया तो ग्राम इंदामरा के लोग मजबूर होकर उग्र आंदोलन करेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी बिजली विभाग और प्रशासन की होगी। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीणों का सब्र अब टूट चुका है और लोग अपने हक की लड़ाई के लिए एकजुट हो रहे हैं।

## ग्रामीणों की परेशानी

गांव के छात्रों ने बताया कि रात में घंटों बिजली न रहने से पढ़ाई करना मुश्किल हो गया है। वहीं, छोटे दुकानदारों और व्यवसायियों का कहना है कि बिजली नहीं रहने से उनका कामकाज बुरी तरह प्रभावित होता है। किसानों को भी फसल की सिंचाई के लिए पंप चलाने में दिक्कत आ रही है। महिलाएं और बच्चे भीषण गर्मी में पंखा और कूलर बंद होने से सबसे ज्यादा परेशान हैं।

## ठोस समाधान की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाई जाए, खराब तारों और उपकरणों को बदला जाए और बिजली विभाग की टीम को गांव में नियमित निगरानी करने भेजा जाए। साथ ही, शिकायत आने पर अधिकारियों को समय पर फोन उठाकर ग्रामीणों को समाधान का भरोसा दिलाना चाहिए। ग्राम इंदामरा की बिजली समस्या अब गंभीर रूप ले चुकी है। नागरिकों का सब्र जवाब दे रहा है और अगर जल्द ही इस समस्या का ठोस समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन की स्थिति बनना तय है। कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन के बाद अब ग्रामीणों को उम्मीद है कि उनकी समस्या पर गंभीरता से विचार कर ठोस कदम उठाया जाएगा।

# एनबीआईएस बोरी में मना शिक्षक दिवस



**राजनांदगांव (दावा)। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन के जन्मदिन पर शिक्षक दिवस के अवसर पर बच्चों द्वारा शिक्षकों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती व राधाकृष्णन के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलन कर माल्यार्पण किया गया।**

शाला के बच्चों द्वारा शिक्षकों को रेट्रो मेट्रो थीम दिया गया था, जिसमें शिक्षक पुराने अभिनेता व अभिनेत्री के रुप धर कर कार्यक्रम में शामिल हुए। बच्चों द्वारा नाटक, गीत व संगीत की खूबसूरत प्रस्तुति दी गई। शिक्षकों के मनोरंजन के लिए विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया था, जिसमें पुरस्कार वितरण भी किया गया। शाला के डायरेक्टर श्री नीरज बाजपेयी ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी गई।

शैक्षणिक सत्र 2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शाला की डायरेक्टर श्रीमती सोनल बाजपेयी, कुंतल बाजपेयी, प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान, शिक्षक, कार्यालय कर्मचारी व बच्चे उपस्थित थे।

# कबड्डी हमें अनुशासन में रहकर जीवन जीने की कला सिखाती है- दिनेश गांधी



डोंगरगढ़(दावा)। वनांचल क्षेत्र बागरेकसा में युवा समिति के व्दारा दो दिवसीय कबड्डी टूनामेंट का आयोजन किया गया। इस टूनामेंट में छतीसगढ़ के अलावा महाराष्ट्र, झारखंड ,उत्तरप्रदेश के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

इस टूनामेंट में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी शामिल हुए और खिलाड़ियों एवम उपस्थित जन समुदाय को सम्बोधित करते हुए कहा कि कबड्डी हमें अनुशासन में रहकर जीवन जीने की कला सिखाती है। कबड्डी हमें मर कर पुनः जीने का तात्पर्य जीवन मे जितने भी कठिनाई आये उसे पूरी एकाग्रता से संगठित होकर बड़ी से बड़ी चुनौती को जितना हमें कबड्डी से ही सीख मिलती है। और इस तरह से भव्य आयोजन करना युवा समिति बधाई के पात्र है ।इस टूनामेंट में जिला भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष गिरवर साहू, जनपद पंचायत डोगरगढ़ के सभापति थनवार मण्डावी, जनपद सदस्य अशोक नेताम, पूर्व सरपंच डालचंद मेश्राम, सरपंच सुनील दुधनाग, गोवर्धन बानवर, बीरा कंवर सहित क्षेत्र के कार्यकर्ता शामिल हुए।

# राज्यपाल पुरस्कार के लिए चयनित थंगेश्वर कुमार साहू हुए सम्मानित



राजनांदगांव (दावा)। रिद्धि सिद्धि कॉलोनी राजनांदगांव में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह द्वारा थंगेश्वर कुमार साहू व्याख्याता को सत्र 2025-26 राज्यपाल पुरस्कार के लिए चयनित होने पर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय ख्याति लब्ध कवि पद्मलोचन शर्मा मुंहफट, श्रीमती गायत्री शर्मा, कॉलोनी के पार्षद डूरेंद्र साहू, अध्यक्ष नरेश साहू और समस्त कॉलोनी वासियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। थंगेश्वर कुमार साहू जी शुरू से ही बच्चों की पढ़ाई के प्रति विशेष रूचि रखते हैं। छुट्टी के पश्चात भी अतिरिक्त समय देकर बच्चों को पढ़ाते हैं, कमजोर बच्चों के लिए एवं मेधावी बच्चों के लिए अलग-अलग स्तर पर कक्षाएं लेते हैं। जिसका परिणाम है कि आपके विषयों का बोर्ड परीक्षा परिणाम हमेशा शत प्रतिशत रहता है। कई नवाचारों के माध्यम से जैसे गीत, कविता, चित्रों, वास्तविक सामग्री, प्रोजेक्टर का उपयोग कर बच्चों को बहुत ही सरल ढंग से पढ़ाते हैं। आप शाला त्यागी की दर को शून्य करने के लिए विशेष अभियान चलाते हैं। गांव-गांव में घूमकर पालकों के घर जाकर जागरूक करना, कोटवार, सरपंच, पंचगणों एवं एसएमडीसी के सदस्यों को शामिल कर इस अभियान को चलाते हैं। आप विद्यालय एवं ग्राम में पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण वृक्षारोपण पर विशेष कार्य करते रहते हैं। अभी वर्तमान में कुछ महीने पहले पद्मश्री फूलबासन बाई यादव जी का पर्यावरण एवं जल संरक्षण, वृक्षारोपण पर एक बड़े स्तर पर कार्यशाला विद्यालय में आपकी अगुवाई में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। आप विद्यालय के यूथ एवं इको क्लब प्रभारी शिक्षक भी है। आप गरीब बच्चों की आर्थिक सहायता भी करते हैं। विद्यालय की सभी गतिविधियों में आपकी प्रमुखता से योगदान रहता है। आप एक अनुशासन प्रिय, परिश्रमी, मधुर व्यवहारिक एवं कर्तव्यनिष्ठ शिक्षक है। आप संकुल स्तर पर, ब्लॉक स्तर पर, जिला स्तर पर सम्मानित हो चुके हैं।

आप एक शिक्षक के साथ-साथ एक अच्छे साहित्यकार, कवि एवं लेखक भी हैं। आपकी लेख, रचनाएं अखबारों में प्रकाशित होते रहता है। काव्य पाठ के क्षेत्र में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कवि स्वर्गीय डॉ.सुरेंद्र दुबे के हाथों कई बार आपको सम्मानित किया जा चुका है।

# पारागांव खुर्द में कक्षा 9 वीं के छात्राओं को नि:शुल्क सायकल का वितरण



डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पारागांव खुर्द में 08 सितंबर दिन सोमवार को छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार कक्षा 9 वीं के छात्राओं को निशुल्क सायकल वितरण किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमति किरण साहु उपाध्यक्ष जिला पंचायत राजनांदगांव एवं कार्यक्रम के अध्यक्षता लेखराम साहु प्राचार्य विशिष्ट अतिथि श्रीमति लता अजय सिन्हा अध्यक्ष जनपद पंचायत डोंगरगढ़ हीरा राम वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत डोंगरगढ़ श्रीमति सीमा ओमप्रकाश साहु सभापति महिला एवं बालविकास पुकेश्वर वर्मा अध्यक्ष शाला विकास समिति कमलेश्वर वर्मा सरपंच ग्राम पंचायत पारागांव खुर्द सहित अजय मानिक ग्राम पटेल, जगत राम वर्मा, डॉ. समन लाल वर्मा, विक्रम वर्मा, बिसाहत वर्मा सहित गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# शिक्षक युगल किशोर साहू हुए शिक्षादूत पुरस्कार से सम्मानित



डोंगरगढ़(दावा)। शिक्षक दिवस के अवसर पर सेजेस खैरागढ़ में आयोजित मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार समारोह में शासकीय प्राथमिक शाला सनडोंगरी के सहायक शिक्षक युगल किशोर साहू को उनके उत्कृष्ट शैक्षिक कार्यो हेतु शिक्षादूत पुरस्कार से नवाजा गया। शिक्षक ने कहा कि इससे उनके प्रेरणा और हौसले में वृद्धि हुई है और वह भविष्य में छात्रों के हित में और भी समर्पित रूप से कार्य करेंगे इस पुरस्कार का श्रेय पालको, छात्रों एवं साथी शिक्षकों को भी जाता है।

पुरस्कार प्राप्त करने पर जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुश्री नीलम राजपूत, सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी किशोरी लाल अमेला, बी आर सी सुजीत चौहान, संकुल समन्वयक अर्जुन चंद्रवंशी, संकुल प्राचार्य के एम कुरैशी सर एवं संस्था के प्रधान पाठक लादूराम साहू एवं संकुल मुढीपार के अन्य शिक्षकों ने हर्ष जताया है।

# शिक्षक का अनुसरण किया जाना चाहिए - नीरज बाजपेयी



नीरज विद्या मंदिर में मना शिक्षक दिवस

डोंगरगांव (दावा)। विद्यार्थी और शिक्षक के जीवन में अपनत्व का भाव होना चाहिए। यही भाव हमें जीवन जीने की कला सिखाता है। शायद ही दुनिया में कोई ऐसा होगा जो माँ और शिक्षक के योगदान को विस्मृत करदे। इनके योगदानों को हम कभी भी नकार नहीं सकते। गुरू वह होता है जो विद्यार्थियों को सत्य की खोज के लिए प्रेरित करता है'' उक्ताशय के विचार अंचल के प्रसिद्ध शिक्षाविद् एवं बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स इंजी. नीरज बाजपेयी ने शिक्षक दिवस के अवसर पर रखे। उन्होंने कहा कि शिक्षक कुम्हार की तरह विद्यार्थियों को गढ़ता है, उन्हें आकार देता है। संस्था में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्रीमती सोनल बाजपेयी, इंजी. दिलीप तिवारी, रितेश शर्मा, नीरज कोटड़िया, समीर पोद्दार, सुश्री कुंतल बाजपेयी, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी, प्राचार्या सुश्री अंजु मजहान एवं प्रशासक श्रीजी. राम सिन्हा उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं डॉ. राधा कृष्णन के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से हुआ।

एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी ने इस प्रसंग को अपने ढंग से रेखांकित किया। उन्होंने सही अर्थो में राष्ट्र का निर्माता शिक्षक को कहा। विद्यार्थियों को शिक्षकों के श्रेष्ठ कार्यो का सदैव अनुसरण करते रहना चाहिए साथ ही शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता के भाव प्रदर्शित करना चाहिए। प्राचार्या सुश्री जहान ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि नई पीढ़ी अपने शिक्षक के प्रति सदैव समर्पण एवं आदर व्यक्त करे क्योंकि नई पीढ़ी को आदर्श ढूँढ़ने में ज्यादा कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षक ईमानदारी से अपने कार्य को आगे बढाएँ। इसका सबसे अधिक लाभ विद्यार्थियों को मिलेगा। शाला प्रबंधन द्वारा शिक्षकों का सम्मान किया गया। उल्लेखनीय है कि इस दिन को बच्चों के लिए डेमोक्रेसी डे घोषित किया गया जिसमें कुछ बच्चों ने अपन शिक्षकों की भूमिका निभाते हुए कक्षाओं में अध्यापन कार्य को सम्पादित किया। कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों ने शिक्षकों के सम्मान के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में कई मनोरंजक कार्यक्रम भी रखेथे। जिसमें शैक्षणिक स्टाफ ने बढ-चढ़ कर हिस्सा लिया। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में शिक्षक घनश्याम तिवारी ने दी।

# विधायक श्रीमती यशोदा नीलांबर वर्मा ने शिक्षक सम्मान समारोह में शिरकत की




खैरागढ़ (दावा)। आज अवंती ग्रामोदय समिति बाजार अतरिया द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन अवंती विद्या मंदिर बाजार अतरिया में किया गया।

इस अवसर मुख्य अतिथि खैरागढ़ विधायक श्रीमती यशोदा नीलांबर वर्मा शामिल हुए और शिक्षकों को सम्मानित किया एवं उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज के निर्माता हैं और उनका योगदान हमारे समाज के विकास में महत्वपूर्ण है। सर्वप्रथम उन्होंने स्कूल समिति के साथ मां भारती एवं मां सरस्वती की छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर विधायक यशोदा वर्मा ने कहा कि शिक्षक ही हमारे गुरु है। जो हमारा मार्गदर्शन करते है। कार्यक्रम में ग्रामवासियों सहित सभी शिक्षक व बच्चे उपस्थित रहे।

# सीआरसी सेंटर में विश्व फिजियोथेरेपी एवं विश्व ड्युचेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी दिवस समारोह का हुआ आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। एनआईईपीआईडी सिकंदराबाद के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्यरत सीआरसी राजनांदगांव में आज विश्व फिजियोथेरेपी दिवस एवं विश्व ड्युचेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी दिवस के अवसर पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. योगेश सोनी, डॉ. रोमा माखिजा, डॉ. पुखराज बाफना एवं निदेशक सीआरसी राजनांदगांव श्रीमती स्मिता महोबिया उपस्थित थे। मुख्य अतिथियों ने ड्युचेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी के लक्षण एवं प्रबंधन के संबंध में जानकारी दी गई।

# प्रथम पृष्ठ का शेष...

**नेपाल हिंसा- पूर्व पीएम की पत्नी को जिंदा जलाया....**

खास बात यह है कि इनमें बड़ी संख्या में युवा भी शामिल थे। नेपाल कभी दुनिया का एकमात्र हिंदू राष्ट्र हुआ करता था। 2008 में इसे धर्मनिरपेक्ष देश घोषित किया गया। लेकिन पिछले कुछ सालों से जनता के एक हिस्से में यह भावना मजबूत होती जा रही है कि नेपाल की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान को बचाने के लिए राजशाही और हिंदू राष्ट्र की वापसी जरूरी है।

**उपराष्ट्रपति चुनाव में राधाकृष्णन को ....**

चुना गया है। विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जस्टिस सुदर्शन रेड्डी को प्रथम वरीयता के 300 मत मिले। उपराष्ट्रपति चुनाव में कुल 13 सांसदों ने मतदान से परहेज किया। इस सूची में बीजू जनता दल के सात, भारत राष्ट्र समिति के चार, शिरोमणि अकाली दल का एक और एक निर्दलीय सांसद शामिल हैं। बता दें कि आज सुबह, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और अन्य शीर्ष नेताओं ने उपराष्ट्रपति चुनाव में अपना वोट डाला। उपराष्ट्रपति का पद 21 जुलाई, 2025 से रिक्त है, क्योंकि जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

0 पीएम मोदी ने दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने थिरु सीपी राधाकृष्णन को 2025 के उपराष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल करने पर हार्दिक बधाई दी है। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, थिरु सीपी राधाकृष्णन जी को 2025 का उपराष्ट्रपति चुनाव जीतने पर बधाई। उनका जीवन समाज सेवा और गरीबों व हाशिए पर रहने वाले लोगों को सशक्त बनाने के लिए समर्पित रहा है। मुझे विश्वास है कि वह एक उत्कृष्ट उपराष्ट्रपति होंगे, जो हमारे संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करेंगे और संसदीय विमर्श को समृद्ध करेंगे।

**रीता शांडिल्य के पीएससी अध्यक्ष नियुक्ति.....**

मिलेगा। इसके तहत निवेशकों को कई तरह की रियायतें और प्रोत्साहन मिलेंगे, जैसे ब्याज अनुदान, पूंजी लागत पर अनुदान (सूक्ष्म उद्योगों को), जीएसटी प्रतिपूर्ति (लघु, मध्यम और बड़े उद्योगों को), बिजली शुल्क में छूट, स्टाम्प शुल्क में छूट, परियोजना रिपोर्ट तैयार करने पर अनुदान, भूमि उपयोग बदलने की फीस में छूट, भूमि बैंक से जमीन लेने पर शुल्क में रियायत मिलेगी, अनुसूचित जाति/जनजाति, दिव्यांग, वरिष्ठ नागरिक और तृतीय लिंग समुदाय के उद्यमियों को जमीन के प्रीमियम में छूट, दिव्यांगों को रोजगार देने पर अनुदान, मेगा और अल्ट्रा मेगा प्रोजेक्ट्स के लिए विशेष पैकेज का प्रावधान किया गया है। मंत्रिपरिषद की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए सुश्री रीता शांडिल्य, जो वर्तमान में लोक सेवा आयोग की सदस्य एवं कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं, को लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष पद पर नियुक्त करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया है। मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ वरिष्ठ मीडिया कर्मी सम्मान निधि के तहत सेवानिवृत्त हो चुके मीडिया कर्मियों को दी जाने वाली सम्मान राशि 10 हजार रूपए प्रतिमाह से बढ़ाकर 20 हजार रूपए प्रतिमाह करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। इसकी घोषणा वर्ष 2025-26 के बजट में की गई थी।

**मानव अंतरिक्ष उड़ान के लिए देश.....**

भारत की वैज्ञानिक और तकनीकी क्षमता दुनिया के सामने और मजबूत होकर उभरेगी। आगे उन्होंने ये भी बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसरो को 2035 तक भारत का अपना स्पेस स्टेशन स्थापित करने और 2040 तक एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री को चांद पर भेजने का लक्ष्य दिया है। इन लक्ष्यों ने भारत की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं को एक नई ऊंचाई दी है। मोदी ने कहा है कि भारत को आने वाले समय में अंतरिक्ष विज्ञान में अग्रणी देशों की पंक्ति में खड़ा होना होगा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बड़े पैमाने पर ड्रोन और लाइटरिंग म्यूनिशन का इस्तेमाल हुआ। इस मिशन में भारत के स्वदेशी एयर डिफेंस सिस्टम आकाश तीर की क्षमताओं का भी परीक्षण किया गया। इससे यह साबित हुआ कि भविष्य के सशस्त्र संघर्षों में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और उपग्रह डेटा की भूमिका बेहद अहम होगी।

**पंजाब के लिए पीएम मोदी ने खोला भंडार....**

क्रॉप योजना के तहत मदद दी जाएगी। जल संचय जनभागीदारी कार्यक्रम के तहत पंजाब में जल संरक्षण ढांचे की मरम्मत और नई संरचनाओं का निर्माण होगा। इससे वर्षा जल संचयन को बढ़ावा मिलेगा और दीर्घकालिक जल स्थिरता सुनिश्चित होगी। प्रधानमंत्री ने बाढ़ में जान गंवाने वालों के परिजनों के लिए 2 लाख रुपये और गंभीर रूप से घायल लोगों के लिए 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की। अनाथ बच्चों को पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रेन योजना के तहत दीर्घकालिक सहायता मिलेगी। प्रधानमंत्री ने एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना और अन्य संगठनों के राहत कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार राज्य सरकार के साथ मिलकर स्थिति से निपटने के लिए हरसंभव प्रयास करेगी। नुकसान के आकलन के लिए अंतर-मंत्रालयी दल भेजे गए हैं, जिनकी रिपोर्ट के आधार पर आगे की सहायता पर विचार होगा।

**हिमाचल को 1500 करोड़.....**

समय में हम प्रदेश के अपने भाई-बहनों के साथ पूरी मजबूती से खड़े हैं। इसके साथ ही प्रभावित लोगों की मदद के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रहे हैं। एसडीआरएफ और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की दूसरी किस्त अग्रिम रूप से जारी की जाएगी। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मंजूरी, राष्ट्रीय राजमार्गों का जीर्णोद्धार, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष के तहत राहत का प्रावधान और पशुधन के लिए मिनी किट भी जारी किए जाएंगे। कृषि समुदाय को सहायता प्रदान करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता को देखते हुए, विशेष रूप से उन किसानों को अतिरिक्त सहायता प्रदान की जाएगी जिनके पास वर्तमान में बिजली कनेक्शन नहीं हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत, क्षतिग्रस्त घरों की जियोटैगिंग की जाएगी। इससे नुकसान का सटीक आकलन करने और प्रभावित लोगों तक सहायता शीघ्र पहुंचाने में मदद मिलेगी। निर्बाध शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए, स्कूल नुकसान की सूचना दे सकेंगे और जियोटैग कर सकेंगे, जिससे समग्र शिक्षा अभियान के तहत समय पर सहायता मिल सकेगी। वर्षा जल संग्रहण और भंडारण में सहायता के लिए जल संचयन हेतु पुनर्भरण संरचनाओं का निर्माण किया जाएगा। इन प्रयासों से भूजल स्तर में सुधार होगा और बेहतर जल प्रबंधन को बढ़ावा मिलेगा। केंद्र सरकार ने नुकसान का आकलन करने के लिए हिमाचल प्रदेश का दौरा करने के लिए अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय दल पहले ही भेज दिए हैं और उनकी विस्तृत रिपोर्ट के आधार पर आगे की सहायता पर विचार किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने आपदा से प्रभावित परिवारों से भी मुलाकात की। उन्होंने जान गंवाने वालों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना और गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार इस कठिन समय में राज्य सरकार के साथ मिलकर काम करेगी और हर संभव सहायता प्रदान करेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने बाढ़ और प्राकृतिक आपदा में मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपये और गंभीर रूप से घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की।

**एनआईए की बड़ी कार्रवाई.....**

उनकी फंडिंग के स्रोतों का पता लगाया जा सके। एनआईए अधिकारियों ने बताया कि यह छापेमारी देश की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने और आतंकवाद के खिलाफ व्यापक रणनीति का हिस्सा है। जांच पूरी होने के बाद शामिल व्यक्तियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एनआईए की इस संयुक्त कार्रवाई से एक बार फिर स्पष्ट हो गया है कि केंद्र सरकार आतंकवाद के खिलाफ किसी भी स्तर पर समझौता करने के पक्ष में नहीं है। इस तरह की कार्रवाई देश में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

**लद्दाखः सियाचिन बेस कैंप....**

में है। इस क्षेत्र में, पाकिस्तानी पोस्ट, रिज पर स्थित 100 से अधिक भारतीय पोस्टों से 1 किमी नीचे हैं। सियाचिन ग्लेशिय भारत और पाकिस्तान के बीच एक विवादित क्षेत्र है, जिसे लेकर दोनों देश 1984 से संघर्ष कर रहे है। भारत ने 1984 में सियाचिन ग्लेशियर पर कब्ज़ा करने के लिए ऑपरेशन मेघदूत लॉन्च किया था। इसके बाद, 1999 में कारगिल युद्ध के दौरान पाकिस्तानी घुसपैठ को देखते हुए, भारत ने सियाचिन ग्लेशियर में अपनी स्थिति को और मज़बूत किया। इसका उद्देश्य पाकिस्तान की सेना द्वारा ग्लेशियर पर कब्ज़ा करने के किसी भी प्रयास को रोकना था। डॉ. मनमोहन सिंह देश के पहले प्रधानमंत्री और डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम भारत के पहले राष्ट्रपति थे जिन्होंने सियाचिन क्षेत्र का दौरा किया। डॉ. मनमोहन सिंह के बाद पीएम मोदी भी सियाचिन दौरे पर गए थे।

**कतर की राजधानी में इजरायल का....**

हालांकि अभी तक यह साफ नहीं हुआ कि हमले में किसी को चोटें आई हैं या नहीं. दोहा की सड़कों पर तनाव और भय का माहौल है. हमले की तकनीकी जानकारी अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन इजरायली सेना के प्रवक्ता ने कहा कि हमला इजरायल की वायु सेना द्वारा किया गया. इस दौरान कतर एयरवेज की उड़ानें दोहा में सामान्य रूप से जारी रहीं, जबकि कतर वायु सेना के कम से कम एक विमान ने देश की सुरक्षा पर नजर रखने के लिए उड़ान भरी. एक बयान में इजरायल रक्षा बलों ने कहा कि इस हमले का लक्ष्य हमास आतंकवादी संगठन के वरिष्ठ नेताओं को निशाना बनाना था, जो 7 अक्टूबर के हमास हमले के लिए जिम्मेदार हैं. बयान में यह भी कहा गया कि सिविलियन को नुकसान कम करने के लिए कदम उठाए गए, जिनमें सटीक हथियारों का उपयोग और अतिरिक्त खुफिया जानकारी शामिल है. IDF ने कहा कि वह हमास के खिलाफ दृढ़ संकल्प के साथ ऑपरेशन जारी रखेगा. IDF ने बताया कि कतर में हमास के नेताओं खलील अल-हैय्या और जाहेर जबरीन को निशाना बनाया गया, लेकिन किसी वार्ता करने वाले को चोट नहीं आई. यह हमला ऐसे समय हुआ जब इजरायली सेना प्रमुख एयाल जामिर ने विदेश में हमास नेताओं को निशाना बनाने की धमकी दी थी, और कुछ घंटे पहले ही इजरायल के विदेश मंत्री गिदेओन सार ने कहा कि देश ने गाजा के लिए अमेरिका द्वारा प्रस्तावित सीजफायर स्वीकार कर लिया है.

**कांग्रेस की वोट चोर गद्दी छोड़.....**

का दोष नहीं, जिन लोगों ने उन्हें वहां बैठाया है उनका दोष है। शक होता है, दाल में कुछ काला है पर पूरी दाल ही काली है। सबको मिलकर इसके खिलाफ लड़ना होगा। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रधानमंत्री मोदी को वोट चोर बताते हुए भाजपा को वोट चोरी करने वाली पार्टी कहा है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पौने दो साल की सरकार हो गई, अब तक रोजगार नहीं गई। बीजेपी सरकार वादाखिलाफी कर रही है। स्कूल बंद कर दिए गये हैं। सवाल पूछने पर हिन्दू मुस्लिम करते हैं। ईडी और सीबीआई का उपयोग कांग्रेस नेताओं और मीडिया को दबाने के लिये हो रहा है। आज ईडी, सीबीआई का इस्तेमाल विपक्ष को दबाने के लिए किया जा रहा है, जो भी उनके खिलाफ बोलेगा कार्रवाई की जायेगी।

# लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी ने शिक्षक सम्मान एवं चार्टर नाइट समारोह धूमधाम से मनाया



राजनांदगांव (दावा)। लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी (सेवा की राह में) द्वारा शिक्षक सम्मान एवं चार्टर नाइट समारोह का आयोजन 5 सितम्बर 2025 को होटल एबीस ग्रीन में भव्य रूप से किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन सुनील बरडिया ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत लायन अध्यक्ष अमीत खण्डेलवाल द्वारा सभा प्रारंभ की घोषणा के साथ हुई। इसके बाद लायन कंचन चौबे द्वारा ध्वज वंदन और दीप प्रज्ज्वलन किया गया। इस अवसर पर मंच पर उपस्थित प्रमुख अतिथियों में लायन अध्यक्ष अमित खण्डेलवाल, चार्टर अध्यक्ष लायन गौतम बाफना, जोन चेयरमैन लायन श्रीमती शारदा तिवारी, रिजन चेयरमैन लायन राजकुमार शर्मा, पूर्व डिस्ट्रीक्ट गर्वनर पद्मश्री लायन डॉ. पुखराज बाफना, पूर्व डिस्ट्रीक्ट गर्वनर एवं विशिष्ट अतिथि लायन एम.डी. माखीजा, विशिष्ट अतिथि कोमल सिंह राजपूत, मुख्य अतिथि पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, कार्यक्रम संयोजक लायन राजा माखीजा (चार्टर ट्रेजरार), लायन बृज किशोर सुरजन शामिल रहे।

स्वागत भाषण लायन अध्यक्ष अमित खण्डेलवाल ने दिया। तत्पश्चात चार्टर अध्यक्ष लायन गौतम बाफना ने अपने विचार व्यक्त किए। समारोह में समाज के प्रतिष्ठित शिक्षकों का सम्मान किया गया, जिनमें प्रमुख हैं डॉ.अलोक मिश्रा (पूर्व प्राचार्य, कमलादेवी राठी महाविद्यालय), मुरलीधर हरिहारनो (सेवानिवृत्त 1998), युगल किशोर तिवारी (सेवानिवृत्त प्राचार्य, मोहला), डॉ.पूजा साहू (सी.आर.सी. दिव्यांगजन), श्रीमती पद्मा साहू (आस्था मूक बधिर शाला, बसंतपुर), दिलीप कुमार (सेवानिवृत्त प्रांतीय शा. उच्च. महाविद्यालय केसरीटोला), डॉ. सुमन सिंह बघेल, डॉ. लुका (डीन, मेडिकल कॉलेज), डॉ. नागरत्ना (डीन, डेंटल कॉलेज), डॉ. नंदा (डीन, आयुर्वेदिक कॉलेज)। लायन एम.डी. माखीजा ने नये सदस्यों का इंडक्शन किया। चार्टर सम्बोधन पद्मश्री लायन डॉ. पुखराज बाफना ने दिया। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा लायंस क्लब सेवा का पर्याय है। समाज के लिए निःस्वार्थ भाव से कार्य करना ही लायंस क्लब की पहचान है। शिक्षक सम्मान कार्यक्रम इस बात का प्रतीक है कि हमारे समाज में शिक्षकों का स्थान सर्वोपरि है। आज सम्मानित हुए सभी शिक्षक केवल विद्यालय के ही नहीं बल्कि समाज के निर्माता भी हैं। चार्टर नाइट समारोह हमें यह याद दिलाता है कि संगठन की नींव सेवा और समर्पण पर आधारित है। मैं लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी को उनकी सामाजिक और शैक्षणिक गतिविधियों के लिए हार्दिक बधाई देता हूँ।

चार्टर सदस्यों का सम्मान मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि लायन एम.डी. माखीजा का सम्मान मुख्य अतिथि ने किया। स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। धन्यवाद ज्ञापन लायन मंयक शर्मा ने प्रस्तुत किया। सभा की समाप्ति भोजन आमंत्रण के साथ हुई। समारोह में बड़ी संख्या में लायंस क्लब के सदस्य, शिक्षकगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# कलेक्टर के काम को केंद्रीय मंत्री ने सराहा: मोहला-मानपुर जैसे नक्सल इलाके में आए बदलाव पर लिखी स्पेशल चिट्ठी



मोहला (दावा)। संचार एवं ग्रामीण विकास केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर ने आईएएस तुलिका प्रजापति की नक्सल प्रभावित मोहला-मानपुर-अंबागढ़- चौकी में विकास के प्रयासों की जमकर तारीफ़ की है। मंत्री ने अपने पत्र में यह भी लिखा कि घने जंगलों और नक्सल प्रभाव वाले इस इलाके में काम करना बेहद मुश्किल है, लेकिन आईएएस तुलिका ने साहस और साफ विजन के साथ यह कर दिखाया है।

मोहला, मानपुर-अंबागढ़, चौकी जिले की कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने अपने कार्यकाल में खासतौर पर सड़क कनेक्टिविटी, बिजली और इंटरनेट की सुविधा पर ध्यान दिया। साथ ही स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए उन्होंने ठोस कदम उठाए। इससे लोगों का सरकार पर भरोसा बढ़ा और आम नागरिकों को यह एहसास हुआ कि प्रशासन उनके साथ खड़ा है।

### आपकी मेहनत बदल रही लोगों की जिंदगी

डॉ. शेखर ने अपने पत्र में कहा कि भारत सरकार इस तरह की मेहनत को पूरी तरह समर्थन देती है। उन्होंने कलेक्टर तूलिका प्रजापति को लिखा कि, आपकी मेहनत न सिर्फ जनता की जिंदगी बदल रही है, बल्कि प्रशासन और जनजातीय समाज के बीच भरोसे का पुल भी बना रही है।

## प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए काउंसलिंग 12 एवं 13 सितंबर को रायपुर में

राजनांदगांव (दावा)। नवीन प्रयास आवासीय विद्यालय जिला राजनांदगांव, बलरामपुर एवं बिलासुपर में सत्र 2025-26 में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए चतुर्थ प्रतीक्षा सूची के विद्यार्थियों की काउंसलिंग 12 एवं 13 सितंबर को सुबह 10 से 5 बजे तक प्रयास बालक आवासीय विद्यालय सडडू उरकुरा मार्ग व्हीआईपी सीटी कालोनी के सामने जिला रायपुर में आयोजित की गई है।

अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह (पीवीटीजी) व अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों की काउंसलिंग 12 सितंबर को तथा अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों की काउंसलिंग 13 सितंबर को किया जाएगा। विद्यार्थियों की वर्गवार चतुर्थ प्रतीक्षा सूची का अवलोकन वेबसाईट https://eklavya.cg.nic.in में किया जा सकता है। विद्यार्थियों को काउंसलिंग के लिए निर्धारित तिथि, समय एवं स्थल पर अनिवार्य दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने कहा गया है। सर्वप्रथम नवीन प्रयास आवासीय विद्यालय जिला बलरामपुर के रिक्त सीट की पूर्ति पश्चात ही जिला राजनांदगांव एवं बिलासपुर के रिक्त सीट भरें जाएंगे।

# डी.एड ग्रुप खैरागढ़ द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह संपन्न



गंडई (दावा)। डीएड ग्रुप सत्र 1998, 2001 के द्वारा 7 सितम्बर को शिक्षक सम्मान दिवस का आयोजन शिवाजी इन हांटल डोंगरगढ़ में हेमशंकर जेठमल, (अलवा फाउंडेशन ग्रुप न्यू दिल्ली के चेयरमेन) व कीरत कुमार गणवीर (सहायक शिक्षक दैहान (छुरिया ) डी.एड ग्रुप खैरागढ़ के नेतृत्व मे रविवार को भव्य शिक्षक दिवस एव मिलन समारोह का आयोजन किया गया है।

कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों डां, सुनील महाकालकर सर (डी, एड 1998बैच के व्याख्याता, हास्टल वार्डन जी) श्रीमती वाय,के तिवारी सर जी व्याख्याता, आदरणीय पुनाराम सिन्हा जी (Licof India चिचोला) विधायक प्रतिनिधियो के द्वारा सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी, प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले जी , और छ.ग. महतारी के तैल्यचित्र पर पुजा, अर्चना, दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया और अतिथि उद्बोधन में श्री महाकालकर के द्वारा कहा गया कि हमारा सौभाग्य है 25 साल बाद हम सब एक मंच पर एक जगह मिले हम सब एक दूसरे से दूर रहकर भी कितने करीब हुए आप सभी एक जिम्मेदार शिक्षक पारिवारिक जिम्मेदारी कुशलता पूर्वक निर्वहन कर शिक्षक बन गए हैं पारिवारिक जिम्मेदारियां कुशलता पूर्वक निर्वहन कर रहे हैं सभी अनुशासित रहे सभी सुखी रहे ऐसा सभी को शुभकामनाएं दी। तिवारी सर जी ने कहा कि शिक्षा अपने आप स्वयं जिम्मेदार होता है और शिक्षक को कलेक्टर से तुलनात्मक अंतर बताया और कहा कि शिक्षा की अपने आने वाले दिनों के लिए डायरी तैयार करता है और नया दिन की नई जोश के साथ शुरुआत करता है। जिसमें सत्र 1998-2001 बैच डीएड खैरागढ़ के शिक्षक शिक्षिकाए द्वारा परिचय सम्मेलन अति उद्बोधन कर भोजन अवकाश किया गया। उसके पश्चात शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया सभी उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं को अतिथियों के करकमलो से प्रतिक चिन्ह मैमैन्टो, रूमाल, पेन प्रदान किया गया जो पुनराम सिन्हा के सौजन्य से प्रदाय किया गया था। सभी डी.एड ग्रुप खैरागढ़ के शिक्षक शिक्षिकाए सम्मान समारोह धर्म नगरी डोंगरगढ़ में आयोजित होने के कारण पुरे परिवार सहित सम्मिलित हुए और कार्यक्रम को संचालित करने में कीरत कुमार गणवीर के अथक प्रयास मेहनत लगन से सभी व्यवस्था जैसे हांटल व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, शिक्षक शिक्षिकाओं को बुलाने कि व्यवस्था, अतिथियो सम्मान सम्पर्क कर बुलाते कि व्यवस्था, स्वागत, सम्मान प्रकृति चिन्हों कि व्यवस्था रुप रेखा का कार्य 15 दिनों से करने में लगा रहा और बहुत सुन्दर व्यवस्था के बीच कार्यक्रम का सफल आयोजन सम्पन्न हुआ।

# खैरागढ़ महाविद्यालय में रजत महोत्सव कार्यक्रम संपन्न



खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ एवं शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय खैरागढ़ के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य डॉ.ओ.पी. गुप्ता के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ के जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री विकेश गुप्ता, सदस्य एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गिरजा चंद्राकर, सदस्य राजेश देवांगन, श्रीमती कीर्ति वर्मा, पार्षद रूपेन्द्र रजक, शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय के जन भागीदारी समिति की अध्यक्ष सुश्री मोनिका रजक, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि नंद चंद्राकर के साथ कार्यक्रम के संयोजक महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.जे.के. साखरे उपस्थित रहे।

विकेश गुप्ता जी ने अपने उद्बोधन में पिछले 25 वर्षों में हुए विकास कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, उद्योग सभी क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए आगामी योजनाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। साथ ही उन्होंने महाविद्यालय के विकास कार्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। सुश्री मोनिका रजक ने छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव मनाने के पीछे शासन की मंशा को व्यक्त करते हुए भविष्य की योजनाओं पर अपनी बात रखी। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गिरजा चंद्राकर जी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए छत्तीसगढ़ में विकास एवं रोजगार की संभावनाओं को रेखांकित किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ.जे.के. साखरे ने विगत 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ के साथ-साथ महाविद्यालय की विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं को उनके बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए निरंतर आगे बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन हिंदी के सहायक प्राध्यापक यशपाल जंघेल एवं आभार प्रदर्शन हिंदी के अतिथि व्याख्याता डॉ.उमेंद चंदेल ने किया।

इस कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक सुरेश कुमार आडवाणी, सतीश कुमार माहला, सृष्टि वर्मा, भबीता मंडावी, मनीषा नायक, मोनिका जत्ती, परमेश्वरी टांडिया, अंजली सिंह, खेमपाल, मेधाविनी तूरे, अजय वर्मा, दुर्वासा सिन्हा, राकेश वर्मा के साथ ही दोनों महाविद्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहें।

# कु. खिलेश्वरी वर्मा व कु. प्रीति साहू का प्रयास विद्यालय हेतु चयन



कु. खिलेश्वरी वर्मा



कु. प्रीति साहू

डोंगरगढ़(दावा)। शास उ.मा. शाला भण्डारपुर वि.खंड खैरागढ़ जिला के सीजी की छात्रा कु. खिलेश्वरी वर्मा व कु. प्रीति साहू का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से प्रयास आवासीय विद्यालय बिलासपुर में कक्षा 11 वीं गणित में प्रवेश हेतु हुआ है। स्कूल के व्याख्याता राघवेन्द्र सिन्हा ने बताया कि कु. खिलेश्वरी वर्मा ने चयन परीक्षा में राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त की है। दोनों छात्राएं प्रारंभ से ही मेधावी रहे हैं। कु. खिलेश्वरी वर्मा कक्षा 10 वी में 94.67 प्रतिशत अंक लेकर कक्षा में प्रथम व जिला में सातवां स्थान प्राप्त की है। प्रीति साहू को कक्षा 10 वी में 88 प्रतिशत अंक मिला है। व्याख्याता राघवेन्द्र सिन्हा ने खिलेश्वरी वर्मा को जिला मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने पर पांच हजार रुपए नगद पुरस्कार दिए। तथा कक्षा 10 वी व 12 वी बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को दो हजार रुपए द्वितीय को एक हजार रुपए तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को पांच सौ रुपए नगद राशि देकर पुरस्कृत किए। छात्रा कु. खिलेश्वरी वर्मा एवं कु. प्रीति साहू ने अपने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता पिता सभी शिक्षकों एवं परिवार को दिया है। शाला परिवार छात्राओं की उपलब्धि पर उन्हें हार्दिक बधाई दी एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

**व्याख्याता राघवेन्द्र सिन्हा ने पांच हजार रु. नगद पुरस्कार दिए**

# नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल में मना शिक्षक दिवस




राजनांदगांव (दावा)। नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल-बल्देवबाग में शिक्षक दिवस मनाया गया। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर नीरज ग्रुप ऑफ स्कूल के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात् अपने उद्बोधन भाषण में श्री वाजपेयी ने समस्त शिक्षकों एवं स्टाफ को शिक्षक दिवस की बधाई दी और आगे कहा कि किसी भी देश को महान बनाने में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। साथ ही उन्होंने शिक्षकों की भुरि-भुरि प्रशंसा करते हुए शाला में शिक्षकों के योगदान को रेखांकित किया। शिक्षक अपने शिक्षा द्वारा हमेशा यही प्रयास करें कि उनके विद्यार्थी भविष्य के राष्ट्रनिर्माण और देश को महान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

इस अवसर पर बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा भिन्न-भिन्न कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। जिसमें शिक्षक दिवस के महत्व पर सारगर्भित भाषण देते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डाला। इसी कड़ी में बच्चों द्वारा कविता, भाषण एवं नृत्य द्वारा रंगारंग प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम के अंतिम कड़ी में डॉयरेक्टर श्री वाजपेयी द्वारा भिन्न-भिन्न गतिविधियों से संबंधित शिक्षकों को उनके शाला में योगदान के लिए मोमेन्टों के साथ उन्हें सम्मानित भी किया गया।

उक्त अवसर पर स्कूल शाला संचालक श्रीमती सोनल बाजपेयी, कु. कुंतल बाजपेयी, श्रीमती रेणु बाजपेयी, प्राचार्या श्रीमती आरती पिल्लई, हेड मिस्ट्रेस क्रमशः श्रीमती वैशाली सिंग, श्रीमती स्नेहा तिवारी सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं समस्त स्कूल स्टाफ उपस्थित रहे। उक्त जानकारी शाला प्रशासक ने दी।

# स्टार क्लब बुधवारी पारा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया



डोंगरगढ़ (दावा)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगढ़ के द्वारा गणेश उत्सव झांकी में पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम किया गया। जिसमें प्रथम पुरस्कार 5100 द्वितीय पुरस्कार 3100 रुपए और तृतीय पुरस्कार 2100 रुपए विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल के द्वारा दिया गया। कांग्रेस नेता नवाज खान की ओर से कार्यक्रम को सफल बनाने विशेष सहयोग किया गया।

इस कार्यक्रम में समस्त झांकियां की बहुत सुंदर-सुंदर कलाकृतियां देखी गई समस्त झांकियां को देखकर निर्णय कर पाना मुश्किल था। परंतु ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा तीन सेवा निवृत शिक्षकों की समिति बनाकर निर्णय कराया गया। जिस समिति में सेवानिवृत शिक्षक आर.एन. सिंह ठाकुर, बलराम साहू सर, मदन ठाकुर सर ने निर्णायक मंडल समिति में अपना निर्णय प्रस्तुत किया जिसके आधार पर प्रगति मंडल बुधवारी पारा तृतीय स्थान पर रहे।गरीबी रेखा द्वितीय स्थान पर रहा और स्टार क्लब बुधवारी पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी को नगद पुरस्कार एवं मोमेंटो बैठकर अभिनंदन किया गया।

### कांग्रेसजनों ने बढ़-चढ़कर के हिस्सा लिया

इस वर्ष होने वाले झांकी के कार्यक्रम में समस्त कांग्रेस जनों ने बढ़-चढ़कर के हिस्सा लिया सभी के विशेष सहयोग से ब्लॉक कांग्रेस का पार्टी का कार्यक्रम सफल हुआ, कार्यक्रम के पुरस्कार का वितरण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय राज सिंह, सुरेश सिन्हा निर्णायक गण और समस्त कांग्रेस जनों ने मिलकर किया।

इसमें विशेष योगदान के तौर पर सुदेश मेश्राम,श्रीमती संध्या देशपांडे, शिशुपाल भारती, रिम्मी भाटिया, इंद्रपाल सिंह राजा, बबलू शांडिल्य, कृष्णा, लिल्हारे,शेखर सोनी, रवि बाघमारे ,के विनायक राव, राहुल यादव, जय किशोर अंबादे, हरीश भंडारी, मुकेश सहारे, मनोज साहू, बब्बू भाटिया, किरण मेश्राम,ओम प्रकाश महानदी कृष्ण गुप्ता,मनोहर कंडरा,एडविन हैदर दिनेश साखरे, नितेश लारोकर, दशरथ ठाकुर,सनी भाटिया, प्रजेश सहारे, राकेश टंडन, अरुण ग्वाला, मोहम्मद सदीक, पंकज सोनी, सुमित खोब्रागड़े, निधि गजभिए, तरुण फूले, गजेंद्र साहू, हरप्रीत भाटिया अमन उजवने, बबलू खोब्रागड़े,मोहम्मद जावेद, इमरान अहमद, पवन मधुमटके, नरेश करसे, केशव टांडी, मनोज मेश्राम, सुरेश चौधरी और समस्त कांग्रेस जन मंच पर उपस्थित रहे।

# भगवान गणेश जी का संदेश, माता-पिता ही जगतगुरु - संजय सिन्हा

छुरिया (दावा)। विकासखंड के अनेक ग्रामों में ग्रामीणों द्वारा किए गए गणेश स्थापना, हवन व सांस्कृतिक कार्यक्रम,नाच कार्यक्रम में बतौर अतिथि छुरिया जनपद अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा को आमंत्रित किए गए थे। आयोजन अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि एक बार भगवान शिव और माता पार्वती के दोनों पुत्र गणेश जी और कार्तिकेय के बीच विवाद हो गया कि दोनों में से श्रेष्ठ कौन है, देवताओं ने समाधान निकाला कि जो सबसे पहले पूरी पृथ्वी की तीन परिक्रमा करेगा, वही श्रेष्ठ कहलाएगा। कार्तिकेय जी तुरंत अपना वाहन मोर लेकर निकल पड़े और तेज़ गति से पृथ्वी की परिक्रमा करने लगे। गणेश जी का वाहन मूषक (चूहा) था, जो बहुत धीमा चलता है। सबको लगा कि गणेश जी हार जाएँगे। लेकिन गणेश जी बुद्धिमान थे। उन्होंने माता पार्वती और पिता शिवजी के चारों ओर तीन बार परिक्रमा कर ली और कहा 'माता-पिता ही मेरे लिए सम्पूर्ण जगत हैं। उनकी परिक्रमा करना ही सम्पूर्ण पृथ्वी की परिक्रमा के समान है।' गणेश जी की इस बुद्धिमत्ता से प्रसन्न होकर देवताओं ने उन्हें ÷श्रेष्ठ÷ घोषित किया और तभी से उन्हें ÷प्रथम पूज्य÷ और ÷विघ्नहर्ता÷ कहा जाने लगा। उक्त कार्यक्रमों को श्रीमती भानबाई मंडावी जनपद सदस्य, राजेश्वर ध्रुवे अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति छुरिया,नैनसिंग पटेल उपाध्यक्ष मंडल भाजपा छुरिया, गजेंद्र पाल धनकर, वासुदेव विश्वकर्मा सहित केशोटोला व साल्हेटोला के ग्रामीणजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



## राष्ट्रीय पेंशन योजना हेतु 12 तक सत्यापन शिविर

राजनांदगांव (दावा)। सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय पेंशन योजनाओं के हितग्राहियो का प्रतिवर्ष वार्षिक सत्यापन कराया जाता है। उक्त कार्य मैन्युअली होता रहा है, भारत सरकार के निर्देशानुसार अब आधार आधारित मोबाईल एप्लीकेशन के माध्यम से सत्यापन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत निकाय क्षेत्र के कुल 51 वार्डो में से 30 वार्डो के पेंशन हितग्राहियो का पेशन सत्यापन किया जा चुका है। शेष वार्डो के पेंशन हितग्राहियों का सत्यापन करने शेष वार्डो में दिनांक 2 सितम्बर से 12 सितम्बर 2025 तक प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर के साथ साथ निगम कार्यालय के पेंशन शाखा में भी कार्यालयीन समय में सत्यापन किया जायेगा।

# छत्तीसगढ़ रजत जंयती के वर्ष पर नि:शुल्क विशाल स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान कार्यक्रम में शामिल हुई जिपं अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव



छुरिया (दावा)। छत्तीसगढ़ रजत जंयती के वर्ष पर निःशुल्क विशाल स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक भवन जनपद पंचायत छुरिया में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष संजय सिन्हा ने की साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, जिला भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, जिला पंचायत सभापति बिरम मंडावी, जनपद सदस्य उत्तरा निषाद, प्रकाश मोटघरे,उभय राम मंडावी भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना व राज्यकीय गीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने संबोधित करते हुए कहा कि ÷रजत जयंती वर्ष समाज को स्वस्थ और जागरूक बनाने के संकल्प का प्रतीक है। ÷उन्होंने नागरिकों से नियमित स्वास्थ्य जाँच कराने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील भी की। साथ ही कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत 05 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज सुविधाएं उपलब्ध हो रही है। साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य ने अपने लोगों को गुणवत्तापूर्ण और किफायती स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना, संजीवनी सहायता कोष, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना जैसी अनेकों योजनाएं संचालित हो रही है। साथ ही कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथियों द्वारा भी कार्यक्रम को संबोधित किया गया।स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक भव्य मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने निःशुल्क परामर्श, जाँच एवं उपचार सेवाएँ प्रदान कीं। जरूरतमंद रोगियों को निःशुल्क दवाइयाँ भी उपलब्ध कराई गईं। इस दौरान मलेरिया, डेंगू, एनीमिया, नेत्र रोग, दंत रोग, हृदय रोग, अस्थि रोग, चर्म रोग, कान-नाक-गला, महिला एवं बाल स्वास्थ्य सहित अन्य रोगों की जाँच और उपचार किया गया। साथ ही इस अवसर पर 1000 से अधिक मरीजों ने निःशुल्क परामर्श और उपचार सेवाओं का लाभ प्राप्त किया।

कार्यक्रम में विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारीगण सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।साथ ही इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष नैनसिंह पटेल, राजेश्वर धुर्वे, राधेश्याम शर्मा, सूरज डड़सेना व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छुरिया अधिकारी उमेश भगत व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# जीएसटी के नए प्रावधान से देश आर्थिक रूप से बनेगा शक्तिशाली - यशवंत जैन

## जीएसटी में बदलाव आमजन को करेगा खुशहाल, व्यापार उद्योग को देगा नई गति - खूबचंद पारख



राजनांदगांव (दावा)। जीएसटी में किए गए बदलाव से आम आदमी और उद्योग व्यापार जगत को मिलने वाली बूम को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से उपस्थित प्रदेश भाजपा महामंत्री यशवंत जैन ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आयकर में ऐतिहासिक छूट के बाद अब जीएसटी के स्लैब का सरलीकरण, इसके रेट में अभूतपूर्व सुधार करके तथा रेट को कम करके करके भारत को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की ओर अग्रसर किया है। यह बदलाव आम आदमी के जीवन की खुशहाल करने वाला और व्यापार उद्योग को नई गति देने वाला हैं। इससे न सिर्फ लोगों की बचत में ऐतिहासिक बढ़त होगी, बल्कि जीएसटी कानूनों के सरलीकरण से अब व्यापारी भी अधिक सुगमता के साथ अपना कार्य कर सकेंगे।

श्री जैन ने शक्ति आराधना के पावन पर्व नवरात्रि से लागू होने वाले जीएसटी का यह नए प्रावधान को देश को आर्थिक रूप से सक्षम और शक्तिशाली बनाएगा कहा। उन्होंने कहा कि जैसा एक राष्ट्र-एक टैक्स की भावना के साथ पहले सभी तरह के अप्रत्यक्ष करों को एक कर प्रणाली के तहत मोदीजी ने लाकर एक भारत-श्रेष्ठ भारत की अवधारणा को साकार किया और अब इसे और सरल बना कर क्रांतिकारी सुधारों का सूत्रपात किया गया है।

### व्यापार उद्योग को देगी नई गति

प्रेसवार्ता में उपस्थित वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख ने कहा कि जीएसटी में रिफार्म से जहां आम आदमी के जीवन में खुशहाली आएगी वहीं यह बदलाव उद्योग एवं व्यापार को गति देने वाला साबित होगा। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से लेकर 101 वें संविधान संशोधन द्वारा 1 जुलाई 2017 को जीएसटी लागू होने से पहले तक भारत में 17 प्रकार के टैक्स और 13 प्रकार के सेस लागू थे। इसके अलावा भी राज्य सरकारे मनमाने ढंग से कभी भी कोई भी कर आरोपित कर देती थी। प्रत्यक्ष कर की बातें करें तो आयकर की दर तो एक समय अधिकतम 97.5 प्रतिशत तक पहुंच गया था। पिछले वर्ष 12 लाख सालाना की आय पर टैक्स नहीं लागू करने का निर्णय लेने के बाद अब जीएसटी मै चार स्लैब के बदले दो ही स्लैब रखने, सभी उपयोगी वस्तुओं पर कर शून्य करने और अनेक उत्पादों में कर 10 प्रतिशत तक कम कर देने से अब वास्तव में भारतीय अर्थव्यवस्था अब जनता के लिए रामराज्य लाने वाला साबित होगा।

### ग्रामीण आर्थिक विकास को बढ़ावा

हस्तशिल्प की कम दरें कारीगरों की आजीविका को समर्थन देगी, विरासत को सरक्षित करेंगी और ग्रामीण आर्थिक विकास को बढ़ावा देगी। ऑटोमोटिव में स्पष्ट वर्गीकरण से विवाद कम होगे तथा विनिर्माण और निर्यात में वृद्धि को समर्थन मिलेगा। नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहन मिलेगा। यह सुधार किसानों के जीवन में आर्थिकी को मजबूती प्रदान करेगा। ट्रैक्टर, हार्वेस्टर, रोटावेटर में अलग-अलग तरह के जीएसटी घटाकर 5 प्रतिशत की गई है। यह किसान के लिए लागत सक्षम कृषि में सहायक होगी। जैव-कीटनाशक और सूक्ष्म पोषक तत्वों पर जीएसटी दर घटाई गई है। इसी तरह स्वास्थ्य बीमा. जीवन बीमा उत्पादों पर कर समाप्त करने का लाभ सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यधिक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक है। यह कर छूट सभी के लिए बीमा का लक्ष्य पाने में मददगार होगा। सस्ते इलाज के संदर्भ में यह कदम ऐतिहासिक है।

### स्वास्थ्य को नुक्सान पहुंचाने वाले उत्पाद पर टैक्स बढ़ा

प्रेसवार्ता में उपस्थित जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, उपाध्यक्ष सौरभ कोठारी आदि की उपस्थिति में बताया गया कि जीएसटी में स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाले उत्पादों पर 40 प्रतिशत कर आरोपित किया गया है, यही बीडी को 18 प्रतिशत के स्लैब में ही रखा गया है। इससे भविष्य में तेंदू पत्ता संग्राह?कों को काफी लाभ होगा। जनजातीय क्षेत्र में तेंदू पत्ता जैसे लघु वन्य उत्पादों की भाग अधिक बढेगी, इससे प्रदेश को भी काफी लाभ होगा। साथ ही बताया गया कि छत्तीसगढ़ को आर्थिक सुधार और शानदार प्रबंधत के लिए केवल प्रोत्साहन राशि के मद में 6200 करोड़ रुपए मिले हैं। यह प्रोत्साहन मुख्यमंत्री विष्णुदेव सायजी के नेतृत्व में किए श्रेष्ठ आर्थिक प्रबंधन का उदाहरण है।

### व्यापार-व्यवसाय मजबूत तो देश मजबूत - बैद

चैंबर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष कमलेश बैद ने कहा कि व्यापार व्यवसाय मजबूत होगा तो देश मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि मोदी जी स्वयं लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे हैं। इस कारण ये राज्यों की समस्याओं से अवगत है। उन्होंने हमेशा से राज्यों की चिंता की है। प्रधानमंत्री बनते ही मोदीजी ने केंद्रीय करो में राज्यों का हिस्सा 32 प्रतिशत से बढ़ा कर 42 प्रतिशत कर दिया था। अभी कोरोना के बाद यह 41 प्रतिशत है। छत्तीसगढ़ की आबादी देश की जनसंख्या का दो प्रतिशत से भी कम है लेकिन इस मद में हमें 41 प्रतिशत का 3.407 प्रतिशत हिस्सा मिलता है। इस वृद्धि के कारण पिछले दस ग्यारह वर्ष में हमें एक लाख करोड़ रुपए से अधिक अतिरिक्त मिले हैं।देश को विकसित बनाने के इस यज्ञ में विपक्ष द्वारा दोहरी राजनीति करता दुखद है। जहा जीएसटी कौंसिल की बैठक में विरोधी दलों की सरकारी के सदस्य टैक्स घटाने का विरोध करते हैं. कहते हैं कि इससे उसके राज्यों को कम पैसे मिलेंगे। वही बाहर आकर वही दल ही यह कहते हैं कि केंद्र सरकार टैक्स लाद रही है। देश के भविष्य से जुड़े ऐसे विषयों पर इस तरह की सस्ती राजनीति उचित नहीं है।

### विपक्ष टेक्स में सुधार का लेना चाह रहा श्रेय

प्रेसवार्ता में उपस्थित किसान नेता हिरेंद्र साहू, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, अमर ललवानी, पूर्णिमा साव, राजेश श्यामकर सहित चेंबर ऑफ कामर्स के राजा माखीजा आलोक बिंदल, तरुण लहरवानी आदि की उपस्थिति में बताया गया कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लाए गए 4 स्लैब वाले जीएसटी को राहुल गांधी गब्बर टैक्स कहा करता था। अब वहीं विपक्षी व इनके नेता राहुल गांधी इस सुधार का श्रेय लेना चाह रहे है। कहा गया कि विपक्ष द्वारा यह दुष्प्रचार कि इसका अमेरिकन टैरिफ से कोई सम्बंध है। निहायत ही बचकाना और झूठ है। इस सुधार की शुरुआत आज से डेढ़ वर्ष पहले ही हो गयी थी। तब ही इसकी टीम आदि बन चुकी थी और इस पर मंथन हो रहा था। किसी विदेशी गतिविधि का इससे कोई सम्बंध नहीं है। कांग्रेस इस मामले में भी बुरी तरह कनफ्यूज है। कभी यह इस सुधार का जबरन श्रेय लेना चाहती है. तो कभी इसे गब्बर सिंह टैक्स कह कर इसका मजाक बनाती है। जबकि जीएसटी अब गुड एंड सिंपल टैक्स हो गया है।

जीएसटी कॉंसिल संघ-राज्य संबध का एक बेहतरीन लोकतंत्रिक मॉडल है। जहां सारे निर्णय तीन चौथाई बहुमत से लिए जाने का प्रावधान है और अभी तक इसमें लगभग सभी निर्णय सर्वानुमति से लिए गए हैं। इसमें दो तिहाई बोट राज्यों से होते हैं। सभी राज्यों के वित्त मंत्री इसके सदस्य होते हैं। केंद्रीय वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन की अध्यक्षता में बनी यह कॉन्सिल लोकतंत्रिक संघवाद का एक बेहतरीन मोडल है। छत्तीसगढ़ से पदेन सदस्य के रूप में वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने भी इस सुधार में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। नया जीएसटी सुधार यास्तव में एक नए क्रांतिकारी आर्थिक युग का सूत्रपात है।

# सरकार का ध्यान आकृष्ट करने एनएचएम कर्मचारियों ने किया जल- सत्याग्रह

### दस सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे एनएचएम कर्मचारी, गुपचुप बेंचे, भजिया बेचने लगाया स्टाल



राजनांदगांव (दावा)। जिला मुख्यालय में कलेक्ट्रेट के सामने विगत 25 दिनो से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे एन एच एम कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर मंगलवार को जल सत्याग्रह किया। अपनी मांग पट्टिका लेकर रानी सागर के जल में उतरे एन एच एम कर्मचारियों ने अपनी दस सूत्रीय मांगों को लेकर आवाज बुलंद की और अपनी मांगे लेकर रहेंगे का नारा लगाया।

बता दें कि प्रदेश सहित जिले भर में राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियान के तहत कार्य करने वाले डाक्टर, नर्स लैब टेक्नीशियन, वाहन चालक सहित स्वास्थ्य कर्मचारी गत 18 अगस्त से अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। पिछले 25 दिनों से कलेक्ट्रेट के सामने हड़ताल पर बैठे स्वास्थ्य कर्मचारियों ने अपने शुरुआती दिनों में सरकार को सद्बुद्धि देने के लिए यज्ञ-हवन किया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ में आहुति डाली। इसके बाद महिला कर्मचारियों द्वारा तीजा पर्व पर करु भात खाकर उपवास रहने से लेकर व्रत की पारणा भी हड़ताल स्थल पर किए वहीं संविदा नियुक्ति के विरोध में मुंडन कराने से लेकर गूपचूप बेचने, चाय-भजिया का स्टाल लगाने का काम किया है। यहा तक कि कर्मचारियों ने सीएम व स्वास्थ्य मंत्री सहित अन्य मंत्रियों का मुखौटा लगाकर प्रदर्शन भी किया है। इसके बाद भी सरकार इनकी मांगों की ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रही है। यहां तक कि सरकार द्वारा इन्हें काम में लौटने के लिए एस्मा लगाने की भी तलवार लटकाई, लेकिन एनएचएम कर्मचारी अपने स्थान से टस से मस नहीं हुए और उपर से सरकार के चिकित्सा विभाग द्वारा भेजे गए नोटिस की प्रतियां जलाई गई। अब एनएचएम के कर्मचारियों ने मंगलवार को शहर के एतिहासिक रानीसागर तालाब में जल-सत्याग्रह की और अपनी मांगे के संदर्भ में आवाज बुलंद की है। एनएचएम कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष डॉ. किरण गायकवाड़ ने बताया कि संघ की दस सूत्रीय मांग को लेकर प्रांतीय संगठन के आह्वान पर यह आंदोलन किया जा रहा है।

### बीस महिने में 160 बार सरकार का ध्यान आकृष्ट

बता दें कि एनएचएम कर्मचारियों की उक्त अनिश्चितकालीन हड़ताल से जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था बे-पटरी हो गई है। इस हड़ताल का असर गांवों से लेकर शहर तक के सरकारी अस्पतालों की स्वास्थ्य सेवाओं पर दिखने लगा है। जिला मुख्यालय वाले शहर के मोतीपुर, शंकरपुर, लखोली के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में ताला लटक गया है। इससे निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा कदम उठाए जा रहे हैं। सरकारी अस्पतालों में नियमित कर्मचारी भेजकर वैकल्पिक व्यवस्था करने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन इसमें सफलता नहीं मिल रही है। लिहाजा मरीजो को अस्पतालों से बगैर उपचार करवाए वापिस जाना पड़ रहा है। इस बात को अच्छी तरह जान-समझ रही एनएचएम कर्मचारी संघ की डॉ. गायकवाड़ ने कहा कि उनके आंदोलन से अस्पतालों का काम बाधित हो रहा है। लोगों को दिक्कतें हो रही है। लोगों का इलाज नहीं हो पा रहा लोग वापिस जा रहे हैं लेकिन हमारी भी अपनी मजबूरी है। जिसे लेकर वे विवश है।

### अपने वादे पर ध्यान नहीं दे रही सरकार

उन्होंने बताया कि प्रदेश की सरकार अपने वादे पर ध्यान नहीं दे रही। इस वजह से उन्हें मजबूरी में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर आना पड़ा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश संगठन बीस माह में 160 से अधिक बार शासन-प्रशासन को ज्ञापन सौंप चुका है फिर भी उनकी मांगे नहीं मानी जा रही। उन्होंने बताया कि उनकी मांगों में नियमितिकरण, ग्रेड-पे, संविदा भर्ती बंद करने तथा उन्हें विभिन्न सुविधाएं देने की मांग शामिल हैं। बता दें कि जिले में 5 सीएचसी और 24 पीएचसी तथा 135 सीएचसी है। इन सभी के लगभग 450 कर्मचारी हड़ताल पर चले गए है। इससे इन अस्पतालों की स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है।

# दिग्विजय कॉलेज में छात्रों ने लगाया ताला, एनएसयूआई ने किया समर्थन



राजनांदगांव (दावा)। दिग्विजय महाविद्यालय में एनएसयूआई के नेतृत्व में छात्रों ने अपनी मांगों को लेकर ऑटोनॉमस डिपार्टमेंट में ताला लगा दिया। यह प्रदर्शन मुख्य रूप से बी.कॉम सेकेंड सेमेस्टर के बिजनेस मैथमेटिक्स विषय में कई छात्रों के फेल होने के कारण किया गया।


### छात्रों की मुख्य मांगें

छात्रों ने मांग की है कि उन्हें उनके पेपर की हार्ड कॉपी दी जाए और सभी उत्तर पुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन (रिचेक) किया जाए। एनएसयूआई ने इस मुद्दे का समर्थन करते हुए कहा कि यदि छात्रों का पेपर रिचेक नहीं किया गया, तो वे पांचवें सेमेस्टर में प्रवेश नहीं ले पाएंगे और उनका एक साल बर्बाद हो जाएगा। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अमर झा और प्रदेश महासचिव राजा यादव ने महाविद्यालय प्रशासन से छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए न्याय करने की अपील की।

### शिक्षा नीतियों में बदलाव की मांग

इस प्रदर्शन में, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष ऋषि शास्त्री ने भी हिस्सा लिया और कहा कि यह केवल एक कॉलेज का मामला नहीं है, बल्कि वर्तमान शिक्षा नीतियों से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार की वर्तमान नीतियां छात्रों के हित में नहीं हैं और उनमें संशोधन की आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा कि जब तक सरकार इन नीतियों में बदलाव नहीं करती है, तब तक छात्रों का भविष्य खतरे में रहेगा और एनएसयूआइ छात्रों के अधिकारों के लिए संघर्ष करती रहेगी। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ता और छात्र उपस्थित थे। जिनमें शुभम प्रजापति, उज्ज्वल निर्मलकर, मोहित कोचरे, वासुदेव साहू, जयंत पटेल, हर्ष साहू, राहुल साहू, मीनाक्षी साहू, झरना देवांगन, उषा यादव और अन्य शामिल थे।

# बजरंगपुर नवागांव के चाकूबाजी वाले मामले में एक और जख्मी की हुई मौत



राजनांदगांव (दावा)। गणेश विसर्जन की रात मुहल्ले में झांकी देखने के बाद हूए वाद विवाद पश्चात चाकूबाजी की हुई घटना में एक युवक गंभीर रूप से ज़ख्मी ने दम तोड़ दिया था। वहीं एक और युवक उक्त घटना में गंभीर रूप से ज़ख्मी हूए थे। उसमे से मेकाहारा रिफर किसन राजपूत की मौत हो गई। इसी तरह आगजनी वाले मामले में सचिन मानिकपुरी भी काल की गाल में समा गया।

चौकी चिखली उप निरीक्षक इकबाल खान ने बताया कि किसन राजपूत का शव कल मेकाहारा रायपुर से लाया जाएगा। उक्त मामले में पुलिस ने आरोपियो के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 2 नग स्टील का धारदार चाकू जब्त कर लिया था। इन आरोपियों में पृथ्वी भट्ट पिता राजेष भट्ट उम्र 18 साल निवासी बजरंगपुर नवागांव, तौसिफ खान पिता जाहिद खान उम्र 18 साल निवासी गौरी नगर वार्ड नं0 14, जीत साहू पिता दिलीप कुमार साहू उम्र 20 साल निवासी पूनम कालोनी वर्धमान नगर तथा मोहम्मद अहमद पिता मोहम्मद सरीफ उम्र 19 साल निवासी इस्कान विहार कालोनी पीएम आवास ब्लाक नं 1, मकान नं 1 रेवाडीह, विमल कुमार यादव पिता विरेन्द्र सिंह यादव उम्र 22 साल निवासी बख्तावर चाल तुलसीपुर, शेख रजा उर्फ राजा पिता शेख ईसाद उम्र 18 साल साकिन गौरी नगर, शेख उर्फ सोनू खान पिता आसीफ खान उम्र 18 साल निवासी गौरी नगर को गिरफ्तार किया गया।

### आपसी रंजिश के चलते हुई थी चाकूबाजी की घटना

बताया जाता है कि 7 सितंबर को प्रार्थी अजय सिंह राजपूत पिता किशन सिंह राजपूत उम्र 26 वर्ष निवासी बजरंगपुर नवागांव ने चिखली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 7 सितंबर की रात्रि 7 बजे इसके घर के सामने पृथ्वी भट्ट निवासी बजरंगपुर और अभय मिश्रा अन्य लड़कों के साथ आये और पुरानी रंजिश को लेकर एक राय होकर इसके घर के अंदर घुस गये और अश्लील गाली गुप्तार करते हुए उसका नाम लेकर घर से निकलो आज तुम्हारा मर्डर कर देंगे बोलकर लगातार जान से मारने की धमकी देने लगे, तब घर वाले एवं आसपास के लोगों बीच बचाव करने लगे। वाद-विवाद लडाई झगडा सुनकर पडोसी राकेश ढीमर बीच बचाव करने आया तो अभय मिश्रा एवं एक अन्य लड़का ने अपने हाथ में रखे धारदार चाकू से राकेश ढीमर के पेट के दाहिने तरफ और सीने के बांये तरफ वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद पिताजी किशन सिंह राजपूत भी बीच बचाव करने लगा तो पृथ्वी भट्ट ने धारदार हथियार से सीने के दाहिने ओर प्राण घातक हमला किया एवं अशीष ठाकुर के सिर में वार कर चोट पहुंचाया। तीनो को ईलाज हेतु मेडिकल कालेज पेण्ड्री ले गये। जहां ईलाज के दौरान राकेश ढीमर की मौत हो गई।

मुखबीर की सूचना पर आरोपी पृथ्वी भट्ट तौसिफ खान, जीत साहू, मोहम्मद अहमद, विमल कुमार यादव पिता विरेन्द्र सिंह यादव, शेख रजा, शेख उर्फ सोनू एवं अन्य दो विधि से संघर्षत बालक को घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिन्हे थाना लाकर पूछताछ करने पर अपराध घटित करना स्वीकार किया। जिनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 2 नग स्टील का धारदार चाकू एवं आरोपियों को वक्त घटना को पहने कपड़े जप्त कर आरोपियों के खिलाफ प्रर्याप्त अपराध सबूत पाये जाने पर उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर 7 बालिग आरोपियों को जिला जेल में तथा विधि से संघर्षरत 2 बालकों को संप्रेक्षण गृह में दाखिल किया गया।

# डॉ. रमन सिंह के प्रयासों से चार सड़कों सुदृढ़ीकरण की स्वीकृति मिली



राजनांदगांव (दावा)। पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के विशेष प्रयासों से लंबे समय से जर्जर हो चुकी चार सड़कों की सुदृढ़ीकरण की प्रशासनिक स्वीकृति वित्त विभाग द्वारा प्रदान की गई। मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिला राजनांदगांव के अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निम्न सड़कों के सुदृढीकरण (सतह मजबूतीकरण की प्रशासकीय स्वीकृति वित्त विभाग द्वारा प्रदान कर दी गई है। जिसमें पटेवा से पेंडी (अप से खैरागढ़ ब्लॉक) (9.80 कि.मी.), मुरमुंडा से उराईडबरी (8.60 कि.मी.), पटेवा से बिजेतला (10.10 कि.मी.), चैतुखपरी बिलहारी खुडमुडी से रेंगाकठेरा का निर्माण होगा। उपरोक्त चारों सड़कें विगत 5 वर्षों से अत्यंत ही जर्जर हो चुकी थी और लंबे समय से ग्रामवासियों द्वारा इसकी मरम्मत की मांग की जा रही थी।

# गणेश विसर्जन झांकी के दौरान हत्या करने वाले विधि से संघर्षरत बालक को अभिरक्षा में लिया गया



**जिला केसीजी पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए किया गिरफ्तार**

खैरागढ़ (दावा)। शहर में विराजमान गणेश पंडालो में शनिवार को अनंत चतुर्दशी पर होम हवन कर रविवार 7 सितंबर की रात को 3 रे वर्ष गणेश विसर्जन झांकी का आयोजन किया गया था और रात्री 8 बजे के आसपास गणेश विसर्जन झांकी राजा फतेह सिंह खेल मैदान बस स्टैंड पर से खैरागढ़ का राजा पहले निकाली और उसके पिछे पूरे शहर की गणेश विसर्जन झांकी निकाली। जो रातभर शहर के गली मोहल्ले से झांकी और गणेश विसर्जन का दौर जारी था। रातभर गणेश विसर्जन झांकी में डीजे की धुन पर थिरकते रहे युवक-युवतियां सभी युवा अपने-अपने गणेश विसर्जन झांकी में टोली बनाकर कर डीजे के धुन पर डांस कर रहे थे और रातभर माहौल पूरे नगर में भक्तिमय बना हुआ था और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से लोग अपने परिवार सहित गणेश विसर्जन झांकी देखने आए थे। रातभर गणेश विसर्जन झांकी निकाली गइ। उस झांकी में दाऊचौरा गणेशोत्सव समिति द्वारा भी गणेश विसर्जन झांकी निकाली गई थी।

### सुबह हुआ दर्दनाक हादसा, पूरे शहर में सनसनी

झांकी नगर के मार्गो से होते हुए, ईतवारी बाजार से मेन रोड होते हुए विसर्जन के सभी गणेश प्रतिमा दाऊचौरा स्थित रपटा नदी में विसर्जित होना था। नदी के कुछ दूर पहले विसर्जन के पूर्व सोमवार 8 सितंबर को प्रातः लगभग 5 से 5.30 बजे के बीच सांस्कृतिक भवन के सामने मेन रोड तुरकारी पारा खैरागढ़ पहुंचे ही थे कि इस दौरान दाऊचौरा गणेश विसर्जन में दीपक यादव पिता रमेश यादव 21 वर्ष एवं मोहल्ले के लोग झांकी के पास नृत्य कर रहे थे। उसी समय (दाऊचौरा निवासी ) विधि से संघर्षरत बालक ने पुरानी रंजिश और आपसी विवाद के कारण अपने ही साथी दीपक यादव (दाऊचौरा निवासी) की हत्या करने के उद्देश्य से उसके पीठ, दोनों भुजाओं तथा बगल में पीछे से लगातार चाकू से प्राणघातक वार कर मौके से फरार हो गया। घायल दीपक यादव को वहां पर उपस्थित लोगों के द्वारा मोटरसाइकिल से सिविल अस्पताल, खैरागढ़ ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना खैरागढ़ में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया और पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा के निर्देश पर त्वरित रुप से कार्यवाही करते हुए ,विधि से संघर्षरत बालक को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। विधी से संघर्षरत बालक के पुलिस पूछताछ में हत्या करना स्वीकार किया गया हत्या के आरोपी बालक के व्दारा पूछताछ में जुर्म स्वीकार करने पर उसे विधि अनुसार किशोर न्यायालय में पेश कर बाल संप्रेषण गृह भेजा जाएगा। उसके खिलाफ अपराध क्रमांक 437/25, धारा 103 (1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है। गणेश विसर्जन झांकी कार्य में लापरवाही करने वाले दो प्रधान आरक्षक निलंबित इधर इस मामले में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ एसपी लक्ष्य शर्मा के व्दारा कार्रवाई किया गया है।

# कांग्रेस का जन-जागरण अभियान : राजनांदगांव में सचिन पायलट को आमंत्रण



राजनांदगांव (दावा)। आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए कांग्रेस पार्टी ने प्रदेशभर में जन-जागरण अभियान को गति देने की तैयारी तेज कर दी है। इसी क्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट से सौजन्य भेंट की गई।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष माननीय दीपक बैज के नेतृत्व और पार्टी के प्रभारी सचिव संपत जी के सानिध्य में यह मुलाकात हुई। इस दौरान सचिन पायलट को आगामी 18 सितंबर को प्रस्तावित वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम में शामिल होकर नेतृत्व प्रदान करने के लिए विशेष रूप से राजनांदगांव जिला मुख्यालय आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष भागवत साहू, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री डॉ. आफताब आलम, शहर जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रमेश डाकलिया तथा जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष पंकज बांधव ने मिलकर पायलट का स्वागत किया और आगामी अभियान की रूपरेखा पर चर्चा की। पार्टी नेताओं ने कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों और लोकतंत्र विरोधी कार्यशैली के खिलाफ यह अभियान प्रदेश की जनता को नई दिशा देगा। वहीं सचिन पायलट जैसे ऊर्जावान नेता का मार्गदर्शन और उपस्थिति कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए बड़ी प्रेरणा होगी।


**आवश्यकता है**

दैनिक दावा अखबार में विज्ञापन/मार्केटिंग कार्य हेतु कुशल एवं अनुभवी लड़के की आवश्यकता हैं। वेतन आकर्षक! संपर्क समय :- दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक।

संपर्क करें - दैनिक दावा कार्यालय
बल्देव बाग, राजनांदगांव, मो.- 93004-14726



**किराये से उपलब्ध है**

दुकान, मकान, गोदाम, फ्लैट किराए पर उपलब्ध है

पता – 1. गोल बाजार मस्जिद के सामने वीआईपी गली हमाल पारा,राजनांदगांव
2. चांदनी सुहाग भंडार के सामने (नवयुवक गणेश मंडल गली में) हमाल पारा राजनांदगांव। संपर्क करें –

चांदनी सुहाग भंडार
गुड़ाखू लाइन राजनांदगांव
मो.9302435886, मो.9827951560


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com